NIKHAAR
Jewellery & Bangale Store
दुल्हन के सेट व लॉचा किराये पर उपलब्ध है।
Nikhar Jew Bhilai
Justdial
Nikhar Fancy Beauty Collection
Mukesh Agrawal
Mob. : 98261-86026
9340378220 (Shop)
Sector -6, "A" Market Bhilai, Dist-Durg (C.G.)

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल
साझा करें अपने मित्रों से
श्रीकंचनपथ ONLINE
visit us http://www.shreekanchanpath.com
वर्ष- 13, अंक - 221
भिलाई, रविवार 29 मई 2022
पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए
संपर्क करें
Mob.-:
9303289950
7987166110

## समस्याओं का जायजा लेने साइकिल भ्रमण पर निकले महापौर

**सुनी समस्या और लिया निगम के चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा**

### पहले दिन चरोदा रेलवे कालोनी के चार वार्डों का किया भ्रमण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** साइकिल भ्रमण कार्यक्रम के तहत भिलाई-चरोदा महापौर निर्मल कोसरे ने आज सुबह-सुबह चार वार्डों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जन सामान्य से रुबरु होकर समस्याएं सुनी और निगम के माध्यम से चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। पहले दिन महापौर कोसरे ने एमआईसी सदस्य और कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ साइकिल में चरोदा रेलवे कालोनी के वार्ड 29, 28, 27 व 26 का भ्रमण किया।

महापौर निर्मल कोसरे का साइकिल भ्रमण रविवार को अलसुबह उनके दक्षिण वसुंधरा नगर निवास से निकली। सबसे पहले उन्होंने मानसून पूर्व सफाई के लिए वसुंधरा नगर उद्यान के पास से बहने वाली नाले का निरीक्षण किया। इसके बाद साइकिल से उनका काफिला चरोदा जीआरपी चौकी के पास पहुंचा। महापौर ने जीआरपी चौकी के पीछे खेलकूद में सक्रिय युवाओं से मुलाकात कर उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। खेल मैदान में क्रिकेट के लिए सीमेंट पिच बनाने की मांग पर महापौर ने रेलवे के अधिकारियों से चर्चा करने का आश्वासन दिया।

इसके बाद महापौर निर्मल कोसरे वार्ड क्रमांक 29 के राजीव नगर पहुंचे। यहां पर उन्होंने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं आने वाले दिनों में निगम के माध्यम से रेलवे कालोनी इलाके में अनुबंध के बाद होने वाले डोर टू डोर कचरा कलेक्शन को लेकर भावी रुपरेखा तय करने आंकलन किया। वार्ड क्रमांक 28 एवं 27 में उन्होंने निगम के माध्यम से चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। इसके साथ ही रेलवे इंस्टीट्यूट में अभ्यास कर रहे फुटबॉल खिलाड़ियों से चर्चा की। खिलाड़ियों ने महापौर से फुटबॉल टूर्नामेंट कराने की मांग रखी।

इसके बाद महापौर निर्मल कोसरे वार्ड 26 इंदिरा नगर पहुंचे। यहां पर सियान सदन के पास बने गार्डन में नहर के सीपेज का पानी भरने से मार्निंग वॉक में हो रही दिक्कत की ओर महापौर का ध्यानाकर्षण कराया गया। महापौर ने सिंचाई विभाग से चर्चा कर नहर के किनारे छोटा सा तालाब बनाकर सीपेज के पानी को गार्डन तक आने से रोकने की पहल करने का आश्वासन दिया। इसी दौरान एक महिला ने महापौर को रोककर श्रमिक कार्ड होने के बावजूद बीपीएल राशन कार्ड नहीं बनने की अपनी समस्या बताई। महापौर कोसरे ने आवेदन के आधार पर भौतिक सत्यापन कर महिला के नाम पर राशनकार्ड जारी करने का निर्देश अधिकारियों को दूरभाष पर दिया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष मनोज मढरिया, एमआईसी मेंबर मोहन साहू, एस वेंकट रमना, एम जॉनी, मनोज डहरिया, पार्षद टेनेन्द्र ठाकरे, डे साहब वर्मा, महामंत्री पप्पू चंद्राकर, मोहम्मद अमीर, शरद कुमार डोरा, एम बाबूराव, युवराज कश्यप, अरमान अहमद, उमेश वर्मा उपस्थित थे।

### हर शनिवार व रविवार को साइकिल भ्रमण

महापौर निर्मल कोसरे ने बताया कि प्रत्येक शनिवार और रविवार को वे साइकिल से वार्ड भ्रमण पर निकलेंगे। इसकी शुरुआत आज से हुई है। इस तरह थोड़े थोड़े अंतराल में निगम के पूरे 40 वार्ड की जनता से उन्हें रुबरु मुलाकात का अवसर मिलेगा। आगामी सप्ताह भिलाई-3 के वार्डों में वे जाएंगे। सुबह के वक्त साइकिल भ्रमण से ज्यादा से ज्यादा लोगों से मुलाकात हो सकेगी। जिससे लोगों की विकास को लेकर भावना और उनकी समस्याओं को देखने और सुनने में आसानी होगी। वहीं जो निर्माण कार्य चल रहे हैं उनका निरीक्षण भी हो सकेगा।

## खास खबर

### नेपाल की तारा एयरलाइन का विमान हुआ लापता, 4 भारतीयों सहित 22 लोग सवार

काठमांडु (एजेंसी)। भारत के पड़ोसी देश नेपाल से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि यहां पोखरा से जोमसोम के लिए उड़ान भरने वाले तारा एयरलाइंस के विमान 9 NAET का संपर्क टूट गया है। जानकारी के अनुसार यह विमान 9.55 बजे उड़ान भरी थी। लापता विमान में 4 भारतीय, 3 जापानी तथा शेष नेपाली नागरिक थे। डबल इंजन विमान में चालक दल सहित कुल 22 यात्री थे।

मुख्य जिला अधिकारी नेत्र प्रसाद शर्मा ने समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कहा कि विमान को मस्टैंग जिले में जोमसोम के आसमान के ऊपर देखा गया था और फिर माउंट धौलागिरी की ओर मोड़ दिया गया था, जिसके बाद इसका संपर्क टूट गया। वहीं जिला पुलिस कार्यालय मस्टैंग के डीएसपी राम कुमार दानी ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया कि हम तलाशी अभियान के लिए इलाके में हेलीकॉप्टर तैनात कर रहे हैं।

नेपाली गृह मंत्रालय के प्रवक्ता फणींद्र मणि पोखरेल ने कहा कि लापता विमान की तलाशी के लिए मस्टैंग और पोखरा में दो निजी हेलीकॉप्टर तैनात किए हैं। नेपाली सेना के हेलिकॉप्टर को भी तलाशी के लिए तैनात करने की तैयारी की जा रही है। नेपाली सेना के प्रवक्ता नारायण सिलवाल ने कहा कि नेपाली सेना का एक एमआई-17 हेलीकॉप्टर मस्टैंग के लिए रवाना हो चुका है। यह हेलीकॉप्टर लापता विमान की खोज करेगा।

## लोगों के बीच नहीं जाने के आरोपों का रमन सिंह ने किया खंडन, बोले- अब क्या घर छोड़ दें?

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेताओं पर जमीनी स्तर पर राजनीति से दूर रहने और लोगों के बीच न जाने के आरोप लग रहे हैं। इस बीच प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने इन आरोपों को गलत करार दिया।

मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा के हर नेता लगातार लोगों के बीच जा रहे हैं। बूथ स्तर पर और मंडल स्तर पर लगातार काम हो रहा है। अब क्या घर छोड़ दें? धूप में घूम घूम कर काले हो गए। हर नेता ग्राउंड पर पहुंच रहा है। आने वाले दिनों में और भी कई कार्यक्रम होने हैं, जहां हम सभी मौजूद रहेंगे।

डॉ.रमन सिंह ने शुक्रवार को प्रदेश की कार्यसमिति बैठक में कहा कि हाल ही में राजस्थान में हुई राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक के फॉलोअप के तहत इस मीटिंग का आयोजन किया गया था। प्रदेश में माइक्रो लेवल पर भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच जाएगी। गांव-गांव के कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर पार्टी को मजबूत करने के काम तय किए गए हैं।

बताया जा रहा है कि 30 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल का 8वां साल पूरा हो रहा है। भाजपा प्रदेश प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी ने कहा कि युवा मोर्चा विधानसभा स्तर पर विकास तीर्थ बाइक रैली निकालेगी। केंद्र सरकार की उलब्धियों का पर्चा बांटा जाएगा। मानसून को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों से मन की बात करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रत्येक कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा किसानों सहित आमजन को मन की बात कार्यक्रम सुनने के लिए बूथों पर लेकर आएंगे। 1 से 15 जून तक सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण अभियान चलाया जएगा।

### आईपीएल फायनल मैच देखने जाएंगे पीएम मोदी और अमित शाह!, एक लाख से ज्यादा दर्शक होंगे मौजूद

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** आईपीएल 2022 का फाइनल मुकाबला रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला जाएगा। इस मुकाबले को देखने के लिए एक लाख से ज्यादा दर्शक जुटने वाले हैं, जबकि सैकड़ों ऐसे मेहमान होंगे, जो खेल जगत, राजनीति और बॉलीवुड इंडस्ट्री समेत उद्योग घरानों से जुड़े होंगे। इसी लिस्ट में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का नाम भी शामिल है, जो आईपीएल का फाइनल मैच देखने स्टेडियम में पहुंचेंगे!

## केरल पहुंचा मानसून, तीन दिन पहले दी दस्तक 10 जून तक छत्तीसगढ़ पहुंचने की संभावना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** मॉनसून को लेकर मौसम विभाग का ताजा अपडेट आया है। रविवार को मॉनसून ने केरल में एंट्री कर ली है। भारतीय मौसम केन्द्र के अनुसार सामान्य समय से 3 दिन पहले ही मॉनसून ने केरल में दस्तक दे दी है। अब आने वाले दिनों में केरल के बाकी इलाकों के साथा-साथ तटीय कर्नाटक और महाराष्ट्र में मॉनसून का सिस्टम आगे बढ़ेगा।

बता दें किमौसम विभाग ने पहले अनुमान लगाया था कि बंगाल की खाड़ी में आए चक्रवाती तूफान 'आसनी' के प्रभाव से इस बार मॉनसून समय से पहले ही केरल पहुंचेगा। मौसम विभाग ने कहा था कि 29 मई तक मानसून केरल के तट पर आ जाएगा। इससे पहले मॉनसून वक्त से पहले 16 मई को अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह पहुंच गया था और च्रकवात के शेष प्रभाव के चलते इसके जल्द आगे बढ़ने के आसार थे और वही हुआ।



### यहां भारी बारिश की चेतावनी

मॉनसून की दस्तक के साथ ही मौसम विभाग ने 29 मई से 01 जून के दौरान केरल में भारी बारिश की संभावना जताई है। इसके अलावा लक्षद्वीप में 30 मई को भारी बारिश हो सकती है। रविवार को सुबह से ही मानसून की दस्तक के बाद केरल के अलग-अलग इलाकों में जमकर बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार केरल में अगले कुछ दिनों तक बारिश और आंधी-तूफान की गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं।

### 10 जून तक छत्तीसगढ़ में दस्तक देगा मानसून

इधर केरल में मानसून की एंट्री के साथ ही छत्तीसगढ़ में भी मौसम में बदलाव दिखने लगा है। मौसम केन्द्र रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को प्रदेश के कुछ हिस्सों में मध्यम से तेज बारिश व आंधी के साथ बिजली गिरने का अनुमान है। वहीं मानसून को लेकर मौसम विभाग का कहना है कि तय समय से पहले केरल पहुंचने के बाद भी छत्तीसगढ़ में इसकी दस्तक 10 जून तक होगी। यानी 10 जून के बाद छत्तीसगढ़ में भी मानसूनी बारिश शुरू हो जाएगी।

### 20 जून से पहले यूपी में पहुंचेगा मानसून

मानसून की दस्तक के बाद अब इसके अन्य राज्यों में आगमन को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। मौसम विभाग ने यूपी, बिहार व झारखंड के कई इलाकों में बारिश की संभावना जताई हैं। हालांकि यहां अभी मानसून आने में करी दो सप्ताह का समय और लग सकता है। मानसून से पहले यहां बारिश को लेकर अलर्ट किया गया है। मौसम विभाग की माने तो उत्तर प्रदेश में मानसून 18 से 20 जून के बीच पहुंच जाएगा।

### 15 जून तक एमपी में देगा मानसून दस्तक

मौसम विभाग की मानें तो केरल तट तक पहुंचने के बाद अब मानसून धीरे धीरे अन्य राज्यों की ओर बढ़ेगा। तमिलनाडू, तटीय आंध्र, महाराष्ट्र व कर्नाटक से छत्तीसगढ़ के रास्ते मानसून मध्यप्रदेश में दस्तक देगा। इसके यहां 15 जून तक पहुंचने के आसार हैं। मौसम विभाग ने कहा है कि मानसून के प्रभाव से जबलपुर, भोपल के आसपास शुरुआती तेज बारिश होगी।

### मैंनेजर ने लगाया 2 करोड़ का चूना, एमडी ने दर्ज कराई एफआईआर

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर शहर के एमजी रोड स्थित कृष्णा हुंडई में 2 करोड़ रुपये गबन का मामला सामने आया है। पूर्व सीनियर मैनेजर के खिलाफएजेंसी के एमडी ने गांधीनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी महाप्रबंधक की तलाश शुरू कर दी है। पूर्व महाप्रबंधक एजेंसी में 14 वर्ष से कार्यरत था। उसने कंपनी में गाड़ियों व आटो पार्ट्स की बिक्री की रकम का गबन किया है। कृष्णा ऑटो राइडर्स प्राइवेट लिमिटेड के एमडी संजय मोदी ने बताया कि कृष्णा हुंडई की एक शाखा अंबिकापुर के एमजी रोड में संचालित है। एजेंसी में कार्यरत सीनियर मैनेजर दीपेश कुमार सिन्हा ने कंपनी के नई एवं पुरानी गाड़ियों की बिक्री की रकम कंपनी के खाते में जमा नहीं की। ग्राहकों से मिले नकद को अपने खाते में जमा कराते हुए दीपेश कुमार सिन्हा द्वारा करीब 94 लाख रुपये की हेराफेरी की गई। दीपेश कुमार सिन्हा लगभग 14 वर्ष से कंपनी में कार्यरत था। उस पर शोरूम की पूरी जिम्मेदारी दी गई थी। गाड़ियों के अलावा पॉर्ट्स में भी हेराफेरी की गई है।

## बीजापुर में सर्चिंग पार्टी के हत्थे चढ़े 4 नक्सली, विस्फोट व डेटोनेटर बरामद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** बीजापुर जिले में एंटी नक्सल ऑपरेशन पर निकले जवानों को बड़ी सफलता मिली है। गश्त के दौरान जवानों ने बेलनार क्षेत्र से 4 माओवादियों को गिरफ्तार किया है। चारों नक्सली मिलिशिया सदस्य हैं, उनकी निशानदेही पर फोर्स को नुकसान पहुंचाने छिपाकर रखे गए विस्फोट, डेटोनेटर सहित अन्य सामान को बरामद किया गया है। गिरफ्तार नक्सली कई घटनाओं में शामिल रहे हैं। सभी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

एएसपी पंकज शुक्ला ने बताया कि जिले में लगातार माओवादियों को बैकफुट पर धकेलने जवानों को जंगलों में भेजा जा रहा है। शनिवार को थाना नेलसनार से डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 19 व 8वी वाहिनी एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 165 बटालियन का बल एरिया डॉमिनेशन पर बेलनार की ओर रवाना की गई थी। बेलनार के जंगलों में सर्चिंग पार्टी को देख 4 संदिग्ध ग्रामीण भागने लगे, जिन्हें जवानों ने घेराबंदी कर दबोच लिया।




### गिरफ्तार चारों नक्सली मिलिशिया सदस्य

पूछताछ करने पर संदिग्धों ने खुद को नक्सली संगठन से जुड़ा होना होना बताते हुए मिलिशिया सदस्य होना बताया है। गिरफ्तार किए गए माओवादियों ने अपनी पहचान लालू राम मोड़ियाम (उम्र 27), नेहरू कुंजाम (35 वर्ष), लाल साय कुंजाम (26 वर्ष), जयमन वेको (37 वर्ष) के तौर पर बताई है। गिरफ्तार नक्सलियों की निशानदेही पर 3 नग टिफिन बम, 11 नग बैटरी 1.5 वोल्ट, 4 नग बांस के टुकड़े में लगा मैकेनिजम, 2 नग इलेक्ट्रिक डेटोनेटर बरामद किया गया। गिरफ्तार माओवादियों के विरूद्ध थाना नेलसनार में कार्रवाई कर बीजापुर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

**बतंगढ़-दीपक रजंन दास**

## हैप्पी बर्थडे टू यू, हैप्पी बर्थडे डीयर मम-मम-मम



केक किसी भी सेलीब्रेशन का अनिवार्य हिस्सा है। बर्थडे, एनिवर्सरी से लेकर खास मौकों पर अब केक ही काटा जाता है। हमारा बचपन इंतजार में गुजरा। कब शाम होगी, कब ब्रेड वाला 'पैं-पूं, पैं-पूं' करता हुआ आएगा और हम उसके पास दौड़ जाएंगे। पन्नी में लिपटा हुआ वह छोटा सा केक हमें खूब लुभाता था। अकसर वह सादा ही होता पर कभी-कभी उसमें कुछ रंग बिरंगे टुकड़े खुंसे हुए होते, मीनाकारी की तरह। वक्त बदला और केक की सैकड़ों किस्में आ गईं।




वैसे तो अंडा केक का अनिवार्य हिस्सा होता है। पर इससे उसके ग्राहक लिमिटेड हो जाते हैं। केक को वेजीटेरियन बनाने में हमने अपनी पूरी क्रिएटिविटी झोंक दी। गली-गली में केक क्लासेस शुरू हो गईं। केक छोटे से बड़ा हुआ, कई-कई मंजिलों का होने लगा। प्लम केक, किटकैट, मैंगो, पाइनऐप्पल, रेनबो, चॉकलेट, ट्रफल, ब्राउनी, वेलवेट, ब्लैक करंट, ब्लैक फॉरेस्ट, व्हाइट फॉरेस्ट, बटर स्कॉच, वैनीला, स्ट्रॉबेरी... आप जो सोच सकते हैं, वह बन सकता है। वैरायटी ही इसकी लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण है।

केक को सिर्फखाया ही नहीं जाता, इसे खेला भी जाता है- होली की तरह। केक कटिंग में सिर्फएक झोल है। केक काटते समय इंग्लिश बोलना पड़ता है। स्कूल में हम हैप्पी बर्थडे टू यू, हैप्पी बर्थडे डियर ... गाते थे। जिसका जन्मदिन होता, यहां उसका नाम लिया जाता था। अब परिस्थितियां बदल गई हैं। जिसका केक कट रहा होता है वह बॉस हो सकता है, कोई सेलेब्रिटी हो सकता है। सभी उसका नाम नहीं ले सकते। कुछ लोगों को नाम पता भी नहीं होता। इसलिए हैप्पी बर्थडे डियर ... के बाद मम-मम-मम गाया जाता है। ठीक उसी तरह जिस तरह बचपन में स्कूल प्रेयर के दौरान पीछे खड़े बच्चे प्रार्थना करते थे। इसमें ट्यून ठीक रहता है पर शब्द समझ में नहीं आते। एक दिन ऐसा आएगा जब हम क्रिएटिविटी के कुछ छींटे इसपर भी डाल देंगे। तब तक मम-मम-मम... ।

जिनको कोई फायनेंस नही करता उनको हम पर्सनल फायनेंस करते हैं
कुलर ही कुलर, पहले आएं...पहले पाएं...
T.P. Singh
हमारे यहां सभी ब्राण्डेड कंपनी के एसी, फ्रीज, एलईडी टीवी उचित मूल्यों में हाजिर स्टॉक उपलब्ध है।
SAMSUNG LG SONY DAIKIN VIDEOCON KENSTAR BLUE STAR VOLTAS hindware Symphony Crompton
SINGH ENTERPRISES
PRAGATI NAGAR ROAD, AZAD MARKET, RISALI, BHILAI
MOB. - 9977018476

## संपादकीय

# संदेश और जवाबी संदेश

बाइडेन ने चीन को संदेश दिया। तो चीन भी चुप नहीं बैठा। बल्कि अभी। क्वैड की शिखर बैठक चल ही रही थी कि रूस और चीन के लड़ाकू विमानों ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र के ऊपर से साझा उड़ान भरी।

टोक्यो शिखर बैठक से यह फिर साफ हुआ कि क्वाड्रैंगुलर सिक्युरिटी डायलॉग (क्वैड) क्वैड की भूमिका या एजेंडा अभी भी स्पष्ट नहीं है। यह तो बिल्कुल साफ है कि क्वैड फिलहाल सैनिक गठबंधन नहीं है। इसलिए एशिया प्रशांत क्षेत्र में इसकी नाटो जैसी भूमिका बनने की अभी कोई संभावना नहीं है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि यह वार्ता का एक मंच है, जिसका मकसद इसमें शामिल देशों को इस क्षेत्र के सुरक्षा संबंधी मुख्य मुद्दों पर चर्चा करने का मंच प्रदान करना है। खासकर सुरक्षा संबंधी उन मुद्दों पर जिनका संबंध चीन से है। टोक्यो शिखर बैठक में इस समूह में शामिल चारों देशों ने बिना नाम लिए चीन के बढ़ते प्रभाव रोकने का इरादा जताया। चीन की प्रतिक्रिया से जाहिर है कि जो संदेश टोक्यो से भेजा गया, उसे उसने उसी रूप में ग्रहण किया है। दरअसल, क्वैड की बैठक से पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने ताइवान के मामले में दो टूक कहा कि ताइवान पर चीनी हमले की स्थिति में उसकी रक्षा करने के लिए अमेरिका वचनबद्ध है। हालांकि बाद ह्वाइट हाउस ने सफाई दी कि ताइवान के मामले में अमेरिकी नीति में कोई बदलाव नहीं आया है, कहा जा सकता है कि बाइडेन ने जो कहा उससे चीन को इस बारे में स्पष्ट संदेश देने का अमेरिकी मकसद पूरा हो गया है। बहरहाल, बात संदेश की है, तो चीन भी चुप नहीं बैठा। बल्कि अभी जबकि क्वैड की शिखर बैठक चल ही रही थी कि रूस और चीन के लड़ाकू विमानों ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र के ऊपर से साझा उड़ान भरी। इस घटना के के एक दिन बाद उत्तर कोरिया ने तीन मिसाइलें दाग दीं। तो यह कहा जा सकता है कि रूस, चीन, और उत्तर कोरिया ने अपने ढंग से अमेरिका को संदेश देने की कोशिश की है। उनका पैगाम है कि अगर अमेरिका और उसके साथी देशों ने इन देशों के मुख्य हित का उल्लंघन किया, तो ये देश भी युद्ध के लिए तैयार हैँ। तो बात यहां तक आ पहुंची है। एशिया प्रशांत क्षेत्र पहले से ही तनावग्रस्त है। क्वैड की ताजा बैठक ने इसे और बढ़ा दिया है। इसके आगे बात किधर जाएगी, अभी अनुमान लगाना कठिन है।

“ उनका पैगाम है कि अगर अमेरिका और उसके साथी देशों ने इन देशों के मुख्य हित का उल्लंघन किया, तो ये देश भी युद्ध के लिए तैयार हैँ। तो बात यहां तक आ पहुंची है। एशिया प्रशांत क्षेत्र पहले से ही तनावग्रस्त है। क्वैड की ताजा बैठक ने इसे और बढ़ा दिया है। इसके आगे बात किधर जाएगी, अभी अनुमान लगाना कठिन है।

## एमएसपी की गारंटी का क्या हुआ?

किसानों को अपना आंदोलन खत्म किए हुए साढ़े पांच महीने हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र सरकार के बनाए तीनों कृषि कानूनों को खत्म करने की घोषणा के साथ ही वादा किया था कि सरकार एक कमेटी बनाएगी, जो न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी को कानूनी गारंटी देने के मसले पर विचार करेगी। एक साल तक चले किसान आंदोलन का नेतृत्व करने वाले संयुक्त किसान मोर्चे और सरकारी प्रतिनिधियों को मिला कर एक कमेटी बनाई जानी थी। प्रधानमंत्री ने 19 नवंबर 2021 को एमएसपी और अन्य मामले पर विचार के लिए कमेटी बनाने की घोषणा की थी। फिर किसानों का आंदोलन खत्म कराने के लिए सरकार की ओर से नौ दिसंबर 2021 को दिए गए आश्वासन पत्र में भी इसे शामिल किया गया था। लेकिन साढ़े पांच महीने बीत जाने के बाद भी न कमेटी बनी है और न एमएसपी की कानूनी गारंटी सुनिश्चित की गई है। इस बीच रबी की एक फसल बिक भी गई।

ऐसा लग रहा है कि सरकार का मकसद किसानों का आंदोलन खत्म कराना था क्योंकि जनवरी 2022 में उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की घोषणा होने वाली थी। सरकार नहीं चाहती थी कि चुनाव के दौरान किसान आंदोलन चलता रहे। सरकार को यह भी पता था कि एक बार किसान आंदोलन समाप्त करके उठ गए तो उसी मसले पर दोबारा आंदोलन करना मुश्किल होगा। इस तरह के आंदोलन काठ की हांडी की तरह होते हैं। हाल के उदाहरण देखें तो अन्ना हजारे से लेकर अरविंद केजरीवाल और रामदेव तक कोई भी दोबारा आंदोलन नहीं खड़ा कर पाया। सो, एक साल से धरने पर बैठे किसानों ने जैसे ही दिल्ली की घेराबंदी खत्म की और आंदोलन समाप्त करने का ऐलान किया वैसे ही सरकार का मकसद पूरा हो गया। यह सही है कि एक साल के आंदोलन में किसान भी थक गए थे लेकिन वे पूरी तरह से एक राजनीतिक दांव का शिकार हुए। तभी आंदोलन खत्म होने के साढ़े पांच महीने बाद भी किसान इस बात के लिए भटक रहे हैं कि एमएसपी की गारंटी देने का कानून कब और कैसे बनेगा।

इस बीच यह विमर्श गढ़ने का प्रयास शुरू हो गया है कि एमएसपी की कानूनी गारंटी की जरूरत क्या है, जब किसान एमएसपी से ज्यादा कीमत पर अनाज बेच रहे हैं। इस प्रचार को किसानों को हलके में नहीं लेना चाहिए क्योंकि यह अनायास होने वाला प्रचार नहीं है, बल्कि सुनियोजित तरीके से प्रचारित किया जा रहा है कि मंडियों में किसानों को एमएसपी से ज्यादा गेहूं की कीमत मिल रही है। पंजाब और हरियाणा से कई ऐसी लंबी लंबी रिपोर्ट्स अखबारों में छपीं है, जिनमें बताया गया कि किसानों ने अपने आढ़तियों की मदद से एमएसपी से ज्यादा कीमत पर गेहूं बेचा। अव्वल तो किसानों को ज्यादातर जगहों पर एमएसपी से ज्यादा दाम नहीं मिले। जहां मिले वहां प्रति क्विंटल 2,015 रुपए की एमएसपी से पांच से 15 रुपए ज्यादा मिले।

**अजीत द्विवेदी**

“ **भारत में ड्रोन क्षेत्र का भविष्य उज्ज्वल है। अगले कुछ वर्षों में ड्रोन को कितने बड़े पैमाने पर अपनाया जाता है, यह महत्वपूर्ण है। उद्योग जगत को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ड्रोन अंतिम उपयोगकर्ता के लिए उपयोगी हो तथा एक जिम्मेदार व सुरक्षित तरीके से ड्रोन के इस्तेमाल को बढ़ावा मिले।**

# ड्रोन-डिजिटल इंडिया की नयी उड़ान

नील मेहता

कुछ समय पहले तक ड्रोन को महंगे सैन्य उपकरण या छोटे मनोरंजक खिलौनों के रूप में देखा जाता था। लेकिन, पिछले कुछ वर्षों में स्थितियां में काफी बदलाव आया है, क्योंकि ड्रोन, जिसे आधिकारिक तौर पर सुदूर चालित हवाई प्रणाली (रिमोटली पाइलेटेड एरियल सिस्टम, आरपीएएस) के रूप में जाना जाता है, कई उद्योगों के अनुप्रयोगों के लिए एक व्यावहारिक समाधान के रूप में सामने आया है। ड्रोन के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव का मुख्य कारण है- ड्रोन की लागत प्रभावी तरीके से मांग के अनुसार उड़ान के जरिये डिजिटल डेटा देने की क्षमता।

हालांकि, ड्रोन का विकास, अपनाने का तरीका और उपयोग; अभी प्रारंभिक अवस्था में है। लेकिन, यह भी सच है कि ड्रोन नए तरीकों पर आधारित प्रभावी समाधान प्रदान कर रहे हैं, जो कागज़ और कलम से संचालित होने वाले पुराने तरीकों के स्थान पर परिचालन को डिजिटल युग में ले जा रहे हैं।

पिछले कुछ वर्षों में ड्रोन कई सरकारी और निजी प्रतिष्ठानों का एक अभिन्न अंग बन गए हैं; विशेष रूप से उद्योग के क्षेत्रों में, जो नयी तकनीक को अपनाने में हमेशा असफल रहते हैं, कारण चाहे जो भी रहे हों। ड्रोन कुशल और समयबद्ध तरीके से सुस्त, अस्वच्छ व खतरनाक काम कर रहे हैं और इस तरह से काम करने के पारंपरिक तरीकों के एक बेहतर विकल्प के रूप में सामने आये हैं।

ड्रोन के कुछ मौजूदा अनुप्रयोगों में निगरानी और सुरक्षा, महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों का निरीक्षण और निगरानी, सर्वेक्षण एवं लॉजिस्टिक्स आदि शामिल हैं। ये अनुप्रयोग कई उद्योग क्षेत्रों से सम्बंधित हैं, जैसे रक्षा और आतंरिक सुरक्षा, कृषि, तेल और गैस, ऊर्जा व उपयोगिता, दूरसंचार, भू-स्थानिक सर्वेक्षण, खनन, निर्माण, परिवहन आदि। भारत में इन क्षेत्रों में ड्रोन तकनीक को अपनाने की प्रक्रिया प्रारंभिक अनुसंधान चरण से एक ऐसे चरण में पहुंच गयी है, जहां व्यापार जगत को यह अनुभव हुआ है कि इसकी क्षमता व संभावना का उचित उपयोग किया जा सकता है। अब व्यापार जगत इसे अपनाने के लिए तैयार है।



आज, भारत में ड्रोन का उपयोग; सटीकता से खेती के लिए फसल के स्वास्थ्य की निगरानी तथा सैकड़ों किलोमीटर लम्बी गैस पाइपलाइनों का निरीक्षण करने से लेकर सीमा पर सुरक्षा प्रदान करने एवं समय पर महत्वपूर्ण स्वास्थ्य आपूर्ति करने से जुड़े क्षेत्रों में किया जा रहा है। भारत सरकार स्वामित्व योजना के हिस्से के रूप में भूमि रिकॉर्ड को डिजिटल रूप देने, खदानों तथा राजमार्ग निर्माण में ड्रोन सर्वेक्षण के उपयोग को अनिवार्य करने और कृषि में बदलाव के लिए ड्रोन शक्ति व किसान ड्रोन पहल को बढ़ावा देने के क्रम में ड्रोन के व्यापक उपयोग के माध्यम से इस तकनीक का प्रारंभिक उपयोग शुरू कर चुकी है। उपयोग के विविध क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए, अनुमान है कि देश में ड्रोन और संबंधित समाधानों का बाजार अगले 3-4 वर्षों में ?15,000 करोड़ से अधिक का हो जाएगा।

इस उभरते और रणनीतिक प्रौद्योगिकी क्षेत्र की क्षमता को स्वीकार करते हुए, सरकार ने इस दशक के अंत तक भारत को वैश्विक ड्रोन का हब बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसे ध्यान में रखते हुए, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने ड्रोन नियम 2021 से शुरू करते हुए, देश में ड्रोन के निर्माण और परिचालन को उदार बनाने के लिए कई नीतियों और विनियमों को पेश किया है। ड्रोन प्रौद्योगिकी की क्षमता, आपूर्ति और प्रसार को बढ़ाने के लिए उद्योग जगत को इसी समर्थन की आवश्यकता थी। इस क्षेत्र के द्वारा देश के युवाओं के लिए नए जमाने के रोजगार के अवसर भी पैदा किए जा रहे हैं। ड्रोन उद्योग के विकसित होने से निकट भविष्य में प्रत्यक्ष रोजगार के 10,000 से अधिक अवसरों के पैदा होने की संभावना है, जिनमें ड्रोन पायलट, डेटा विश्लेषक, हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर विकास व विनिर्माण, रख-रखाव एवं रिपेयर तकनीशियन शामिल हैं।

एक बड़ा संभावित बाजार, सॉफ्टवेयर और समाधान संबंधी विकास में एक मजबूत ताकत तथा ड्रोन-सेवा प्रदाता के लिए तकनीकी कार्यबल की उपलब्धता आदि कारणों से भारत के पास ड्रोन-आधारित समाधान के निर्माण एवं वितरण के लिए उपयुक्त प्लेटफार्म और संसाधन मौजूद हैं।

नई ड्रोन और ड्रोन-प्रतिरोधी प्रौद्योगिकियों के परीक्षण के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी में विशिष्ट और सैंडबॉक्स परीक्षण स्थल बनाना तथा दृष्टि से परे (बीवीएलओएस) परिचालन जैसे जटिल संचालन का परीक्षण से जुड़े अवसर, इस विकास को गति दे सकते हैं एवं वैश्विक कंपनियों को आकर्षित कर सकते हैं।

भारत को कल-पुर्जों के निर्माण इकोसिस्टम (बैटरी, इलेक्ट्रिक मोटर, इलेक्ट्रो-ऑप्टिक्स और सेंसर) को भी आकर्षित करना चाहिए, जिससे ड्रोन उत्पादों के निर्माण में और इसे बड़े पैमाने की अर्थव्यवस्था बनाने में मदद मिलेगी। इस प्रकार यह क्षेत्र विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होगा। ड्रोन, मुख्य रूप से मोबाइल फोन और बिजली चालित वाहनों का मिश्रण होता है, इसलिए इन क्षेत्रों में कल-पुर्जों के निर्माण को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, ताकि ड्रोन निर्माण को भी जरूरी बढ़ावा मिल सके।

भारत में ड्रोन क्षेत्र का भविष्य उज्ज्वल है। अगले कुछ वर्षों में ड्रोन को कितने बड़े पैमाने पर अपनाया जाता है, यह महत्वपूर्ण है। उद्योग जगत को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ड्रोन अंतिम उपयोगकर्ता के लिए उपयोगी हो तथा एक जिम्मेदार व सुरक्षित तरीके से ड्रोन के इस्तेमाल को बढ़ावा मिले।

**लेखक एस्टेरिया एयरोस्पेस के निदेशक और सह-संस्थापक हैं**

# मैं रहूं न रहूं, मगर यह जंग कमजोर नहीं पड़नी चाहिए

होदा खामोश, अफ़ग़ानी पत्रकार

उनके सिर पर यह खतरा लगातार मंडरा रहा है कि वह कभी भी मारी जा सकती हैं, मगर होदा खामोश ओस्लो से ही दहाड़ती हैं- ‘मैं रहूं न रहूं, यह जंग कमजोर नहीं पड़नी चाहिए, क्योंकि यह एक करोड़, 80 लाख अफ़ग़ानी औरतों के हक-हुकूक से वाबस्ता है।’ मौजूदा तालिबानी निजाम से औरतों के अधिकारों की लड़ाई लड़ रही 26 साल की इस दिलेर अफ़ग़ानी पत्रकार को प्रतिष्ठितटाइम पत्रिका ने इस साल की 100 सबसे अजीम हस्तियों में शुमार किया है। होदा वाकई इस इज्जत की हकदार हैं।

मूलत: अफ़ग़ानिस्तान के परवान सूबे की खामोश का जन्म 1996 में ईरान में हुआ, क्योंकि बढ़ते तालिबानी खून-खराबे के कारण उनके माता-पिता को भागकर इस पड़ोसी मुल्क में पनाह लेनी पड़ी थी। जाहिर है, उस वक्त जान तो बच गई थी, मगर पीछे छूट गया कुनबा बार-बार गांव की ओर खींचता था। इस मोह ने ईरान में जमने ही नहीं दिया। नतीजतन, साल 2001 में तालिबानी हुकूमत के अंत के चंद महीनों बाद ही खामोश का परिवार अपने पुश्तैनी गांव लौट आया। माहौल कुछ बदला हुआ जरूर था, मगर इतना भी नहीं कि सामाजिक रवायतों की जकड़न बहुत ढीली पड़ गई हो। फिर बौखलाया हुआ तालिबान रह-रहकर यहां-वहां विस्फोट कर दे रहा था। खामोश की मां इस सूरतेहाल में भी बेटी को तालीम दिलाना चाहती थीं, पर नाते-रिश्तेदारों को यह गवारा न था कि खानदान की लड़कियां यूं बाहर निकलें। होदा की मां को मनाने के लिए उन्होंने कभी खानदानी रवायतों की दुहाई दी, तो कभी तालिबान से दुश्मनी मोल लेने का डर दिखाया, मगर एक मां ने इन सबका मुकाबला किया और बेटी को स्कूल पढ़ने भेजा। बेटी ने भी मां को मायूस नहीं किया और हाईस्कूल की पढ़ाई मुकम्मल करने के बाद काबुल यूनिवर्सिटी से पत्रकारिता की डिग्री लेकर एक रेडियो स्टेशन से जुड़ गई।



साल 2015 की बात है। खामोश को रेडियो पर एक ऐसा कार्यक्रम प्रस्तुत करने का मौका मिला, जिसमें वह औरतों के साथ होने वाली ज्यादतियों के मसले उठातीं। इस दौरान कई बार किसी ऐसे वाकये से गुजरना पड़ता कि खामोश घंटों तक मानसिक तकलीफ में रहतीं। कार्यक्रम करते हुए उन्हें यह शिद्दत से एहसास हुआ कि अफ़ग़ानी बच्चियों और औरतों को जब तक शिक्षा हासिल नहीं होगी, वे अपने साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने का साहस कभी नहीं बटोर पाएंगी। लिहाजा उन्होंने सबसे पहले अपने गांव की औरतों को ही साक्षर बनाने का काम शुरू किया।

यह वह दौर था, जब दुनिया भर के देश अफ़ग़ानी बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए इमदाद भेज रहे थे। उनके लिए स्कूल, खेल के मैदान बनाए जा रहे थे। इनका असर भी पड़ रहा था। लोग कुछ साहस बटोरने लगे थे, स्कूलों में बेटियों की आमद बढ़ गई थी, छोटी संख्या में ही सही, पर औरतें सार्वजनिक सेवाओं में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने लगी थीं। इन सबके बीच अपने अब तक के अनुभव से खामोश जान चुकी थीं कि तमाम पिछड़े देशों की तरह अफ़ग़ानिस्तान में भी एक वर्जना लड़कियों की तालीम की राह में बड़ी बाधा है। दरअसल, बंद समाजों में मासिक धर्म के दौरान किशोरियों को अमानवीय स्थिति झेलने को बाध्य होना पड़ता है।

खामोश यह बात अच्छी तरह जानती थीं कि उनके मुल्क में महिलाओं और बच्चियों को बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं भी हासिल नहीं हैं, ऐसे में जन-जागरूकता अभियान बहुत कारगर साबित हो सकता है। साल 2021 में उन्होंने अपनी कुछ पुरानी सहेलियों और सहपाठियों के साथ 25 स्कूलों को मासिक धर्म संबंधी जागरूकता फैलाने के लिए चुना। हर हफ्ते वह अपनी टीम के साथ किसी एक स्कूल में पहुंचतीं और वहां बच्चियों को समझातीं कि उन्हें इस बात के लिए शर्मिंदा होने की कतई जरूरत नहीं है। यह एक नैसर्गिक जैविक प्रक्रिया है, जो आपकी सेहत से जुड़ी है। इसलिए इस दौरान उन्हें साफ-सफाई का पूरा ख्याल रखना चाहिए और किसी भी तकलीफकी सूरत में बड़ी बहन या मां से बेहिचक बात करनी चाहिए।

खामोश का अभियान स्कूलों में लोकप्रिय होने लगा था, लेकिन बदकिस्मती से उनके मुल्क के राजनीतिक हालात में बवंडर पैदा हो गया। एक बार फिर तालिबान काबुल पर काबिज हो गया और अफ़ग़ानिस्तान उसी मोड़ पर जा पहुंचा, जहां वह दो दशक पहले खड़ा था। लड़कियों के लिए स्कूल के दरवाजे बंद हो गए, दीगर इदारों से औरतों को हटने के लिए कहा जाने लगा और उन पर जबरिया परदा लाद दिया गया।

चारों तरफ संदेह, अफरा-तफरी और खौफका आलम था। ऐसा लगा, अफ़ग़ानी औरतें उसी अंधेरी सुरंग में पहुंचा दी गई हैं। लेकिन खामोश की नुमाइंदगी में दर्जनों जांबाज महिलाओं ने अपनी खामोशी तोड़ी और तालिबानी संगीनों से बेखौफहोकर वे काबुल की सड़कों पर अपना हक मांगने उतर पड़ीं। खामोश ने इस तरह के कई प्रदर्शनों में भाग लिया। ऐसे आखिरी प्रदर्शन के बाद जब वह घर लौटीं, तब उन्हें अपना पूरा घर तहस-नहस मिला। यह भी मालूम चला कि उनकी टीम की लड़कियों के बारे में जानकारियां जुटाई जा रही हैं। तब से वह ओस्लो में रहते हुए मीडिया, सोशल मीडिया व दूसरे बड़े मंचों के जरिये अफ़ग़ानी औरतों की लड़ाई लड़ रही हैं। पिछले साल बीबीसी ने उन्हें 100 प्रेरणादायी औरतों में गिना था।

होदा खामोश इस बात की नजीर हैं कि पिछले दो दशक में अफ़ग़ानिस्तानी औरतों ने क्या कुछ हासिल किया है, जिसे वे किसी कीमत पर गंवाना नहीं चाहतीं। दुनिया भर के राजनेता सत्ता के लिए जब ओछी लड़ाइयां लड़ते हैं, तब खामोश जैसों के आगे वे सचमुच कितने बौने दिखते हैं! सोचिए, दुनिया जिस 2021 को अफ़ग़ानिस्तान के लिए एक काला वर्ष बताती रही, खामोश ने उसे उम्मीद का साल कहा, क्योंकि अफ़ग़ान औरतों ने उस साल बंदूकों से बगावत करना सीख लिया।

**प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह**

### श्रीमती अंजली जैन की कलम से...



जिंदगी जीनी है
बिना गिला-
शिकवा के बहुंत
कुछ पर्याप्त है
इस जीवन में।

-अंजली जैन
7024460938

**स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे**

**9827806026, 7869620239**

























# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




कृषि मंत्री चौबे ने देवकर में किया 14.91 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण

## राजीव गांधी किसान न्याय योजना से आया खेती-किसानी में बड़ा बदलाव-रविन्द्र चौबे

श्रीकंचपथ न्यूज

रायपुर। प्रदेश के कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे ने बेमेतरा जिले के विकासखण्ड साजा के नगर पंचायत देवकर के गांधी चौक मैदान में आयोजित भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होने विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया।



कृषि मंत्री श्री चौबे ने नगर पंचायत देवकर में 5 करोड़ 27 लाख 63 हजार रुपये की लागत वाले 4 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया, इनमें ग्राम पंचायत देवकर में किसान कुटीर हेतु 13.11 लाख रुपये, दुर्ग बेमेतरा मुख्यमार्ग से नगर पंचायत देवकर कार्यालय भवन तक सीसी रोड निर्माण कार्य 2 करोड़ 21 लाख 18 हजार रुपये, नवीन धान खरीदी केन्द्र में कव्हर्ड शेड एवं किसान कुटीर निर्माण कार्य 52.53 लाख रुपये एवं मेन रोड से नगर पंचायत, भरत साहू के घर से जोगी तालाब, स्वास्थ्य केन्द्र से जामगांव रोड डब्ल्यूबीएम रोड निर्माण कार्य 2 करोड़ 40 लाख 81 हजार रुपये की लागत से कराया जाएगा।

इसी क्रम में विकासखण्ड साजा के 60 ग्राम पंचायतों में 7 करोड़ 64 लाख 33 हजार रुपये की लागत वाले सीसी सड़कों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन व लोकार्पण किया, जिसमें 44 ग्राम पंचायत में सी.सी. रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन एवं 16 ग्राम पंचायतों में सीसी रोड निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। जिले की 11 ग्राम पंचायतों में किसान भवन निर्माण हेतु कुल लागत राशि एक करोड़ 06 लाख 48 हजार रुपये व 6 सेवा सहकारी समिति मर्यादित में किसान कुटीर निर्माण हेतु कुल लागत राशि 80.01 लाख रुपये का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर संसदीय सचिव एवं विधायक नवागढ़ गुरुदयाल बन्जारे उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष देवकर श्रीमती जांत्री बिहारी साहू ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में अविनाश चौबे व संतोष वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। कृषि मंत्री चौबे ने अपने 65 वें जन्मदिवस के अवसर पर नगरवासियों की ओर से मिली बधाईयां और शुभकामनाओं के लिए सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि जन्मदिन तो एक बहाना है, आप लोगों से मिलना है।

## एक जून को भाजपा का नगर निगम के खिलाफ जंगी प्रदर्शन

श्रीकंचपथ न्यूज



**दुर्ग।** नगर निगम में विगत 30 माह के कांग्रेसी शासनकाल में शहर की बेहद खराब हालत व दुर्दशा को लेकर भाजपा 1जून को बुधवार को एक बड़ा आंदोलन करेंगी इस बड़ा प्रदर्शन की तैयारी को लेकर आज भाजपा की पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री व राज्य सभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय कि उपस्थिति में भाजपा कार्यालय में शहर के सभी चारो मंडलो के अध्यक्ष महामंत्री व संगठन के प्रमुख नेताओ की महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमे शहर के सभी वार्डो की साफ सफाई पेयजल खराब व्यवस्था,धूल धूसरित सड़कें अव्यवस्थित बजारे व जनता की मूलभूत समस्याओ को लेकर गम्भीरता से चर्चा करते हुए जनहित के लिए भाजपा की नैतिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए बुधवार को नगर निगम कार्यालय में जंगी प्रदर्शन का निर्णय लिया गया इस अवसर पर प्रदेश भाजपा मंत्री उषा टावरी पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा जिला भाजपा उपाध्यक्ष संतोष सोनी,कांतिलाल जैन,कल्पना जोशी,मंत्री दिनेश देवांगन,मनोज मिश्रा,कोषाध्यक्ष विनोद अरोड़ा, मंडल अध्यक्षगण लुकेश बघेल, सतीश समर्थ,महामंत्री देवनारायण चंद्राकर, विजय ताम्रकर,सुनील अग्रवाल, पोषण साहू,राकेश यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी मौजूद थे।

बैठक में पदाधिकारियो को सम्बोधित करते हुए निगम की पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर ने कहा कि नगर निगम में कांग्रेस के परिषद बनने के बाद लगभग 30 माह में निगम की हालत बेहद खराब है कांग्रेस विधायक अरुण वोरा द्वारा निगम के प्रशासनिक व्यवस्था पर अवैध रूप से कब्जा करने व रिमोर्ट से चलने वाले कमजोर व अनुभवहीन महापौर धीरज बाकलीवाल की अक्षमता का खामियाजा शहर कि जनता को भुगतना पड़ रहा है मानसून दस्तक देने वाली है और शहर के सभी छोटे बड़ी नाला नालियों कि सफाई कि शुरवात नही हो पाई है।

## खास खबर

### कांग्रेस भवन में पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनायी गई

**गरियाबंद।** कांग्रेस भवन गरियाबंद में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का 58 वी पुण्यतिथि पर पुष्प माला एवं विनम्र श्रद्धांजलि कर पुण्यतिथि मनाया गया। मोहम्मद हफीज खान अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कहा कि पं नेहरू जी ने गांधी के नेतृत्व में स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भाग लिया एवं देश को आजादी दिलाई।स्वतंत्र भारत में प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में पदस्थ होने के बाद लगभग 17 वर्षों से अपने सफल कार्यकाल में उन्होंने देश को मजबूत औद्योगिक ढांचा प्रदान किया। वैज्ञानिक रूप से देश को समृद्ध किया ।हरित क्रांति को साकार किया गुट निरपेक्षता की नीति को देश हित में सफलतापूर्वक लागू किया। विश्व बंधुत्व एवं शांतिपूर्ण अस्तित्व के सिद्धांतों को सुदृढ़ कर भारत को विश्व के नक्शे में महत्वपूर्ण स्थान दिलाया।इस कार्यक्रम में प्रेम सोनवानी शहर अध्यक्ष नरेंद्र देवांगन रामकुमार वर्मा सेवाराम गुप्ता ओम राठौर कृष्ण कुमार शर्मा हरीश ठक्कर वीरेंद्र सेन अवध राम यादव मुकेश रामटेके बाबा सोनी विमला साहू सविता गिरी नंदिनी त्रिपाठी नैन बाई उपस्थित थे।

### नि:शुल्क बीपी-शुगर जांच कैम्प का आयोजन 2 जून को

**कोरबा।** कलेक्टर रानू साहू के निर्देशानुसार कोरबा जिले में 02 जून को नि:शुल्क बीपी, शुगर जांच कैम्प का आयोजन किया जायेगा। कैम्प में 30 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों के बीपी और शुगर की जांच की जायेगी। जांच कैम्प का आयोजन पूरे कोरबा जिले में किया जायेगा। इसके लिए 301 जांच केन्द्र बनाये गये हैं। इसके अंतर्गत जिले के कुल 6 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 40 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 255 उपस्वास्थ्य केंद्र - हेल्थ एंड वेलनेश सेंटरों के माध्यम से निर्धारित स्थल पर उक्त जांच किया जायेगा। बताया कि उक्त जांच शिविर में 30 वर्ष के अधिक उम्र के सभी व्यक्ति अपने नजदीकी जांच शिविर में प्रात: 9 बजे से सायं 5:00 बजे तक जाकर अपना बीपी व शुगर नि:शुल्क जांच करा सकते है।

स्टापडेम दो साल में ही टूटा

## मुख्यमंत्री ने किसान की शिकायत पर जांच करने और नया स्टाप डैम बनाने के दिये निर्देश

श्रीकंचपथ न्यूज

**रायपुर।** धान के बदले दूसरी फसल को प्रोत्साहन देने का परिणाम, मक्का का रकबा तेजी से बढ़ा किसानो ने मांगी फैक्ट्रीकेशकाल विधानसभा के बड़े डोंगर में आज भेंट-मुलाकात में किसान रतीराम ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से स्टापडैम को लेकर शिकायत की। उसने बताया कि उनके गांव जुगानी में सिंचाई के लिए बनाया गया स्टापडैम दो साल में ही टूट गया। इससे 6 सौ किसानों के खेतों में सिंचाई नहीं हो पा रही है।

मुख्यमंत्री ने नया स्टाप डैम बनवाने की घोषणा के साथ ही भवरदीग नाले पर बने स्टापडैम के टूटने के कारणों की जांच के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। किसानों ने मुख्यमंत्री से मक्का की फैक्ट्री लगाने की माँग भी की। किसानों ने कहा कि दूसरी फसलों को भी प्रोत्साहित करने की शासन की योजना के चलते किसान बड़े पैमाने पर मक्का की फसल लेने लगे हैं। क्षेत्र में मक्के के बड़े रकबे के मुताबिक फैक्ट्री होनी चाहिए। साथ ही किसानों ने सहकारी बैंक की शाखा खोलने की माँग भी की। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार की न्याय योजनाओं की राशि सीधे हितग्राहियों के खाते में अंतरित हो रही है। इसके चलते बैंकिंग सिस्टम की जरूरत ग्रामीण महसूस कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही बड़े डोंगर में सहकारी बैंक की शाखा आरंभ करने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने कहा कि किसान अपनी फसल का बढ़िया दाम लें, इसकी अधोसंरचना तैयार करने की दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना भी की। इस मौके पर प्रभारी मंत्री श्री कवासी लखमा, राज्य सभा



सांसद श्रीमती फूलोदेवी नेताम, बस्तर सांसद श्री दीपक बैज, केशकाल विधायक श्री संतराम नेताम एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

बड़ेडोंगर उपतहसील का किया निरीक्षण- मुख्यमंत्री ने पिछले साल 27 जनवरी को बड़े डोंगर में उपतहसील की घोषणा की थी। घोषणा के अगले ही माह से कार्यालय का कार्य आरंभ हो गया था। मुख्यमंत्री ने आज उपतहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने दर्ज प्रकरणों की जानकारी ली तथा सभी प्रकरणों को तय समयसीमा में हल करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अपने हाथों से हितग्राहियों को ई-श्रम कार्ड, हेल्थ कार्ड, आधार कार्ड सौंपा।

आमगांव के किसानों ने सिंचाई पंप के लिए माँगी बिजली, मुख्यमंत्री ने दिये निर्देश- भेंट मुलाकात के दौरान आमगांव के 39 ग्रामीणों ने सिंचाई पंप के लिए बिजली की माँग की। मुख्यमंत्री ने इन्हें बिजली कनेक्शन देने के निर्देश दिये। कोरई ग्राम पंचायत के ओबीसी वर्ग के लोगों ने पट्टा नहीं मिलने की बात कही। मुख्यमंत्री ने नियमानुसार पट्टा दिये जाने के लिए कलेक्टर को निर्देशित किया।

बाजार शुरू होते ही लग जाती है मोबाइल मेडिकल गाड़ी- मुख्यमंत्री ने हाट बाजार में जाने वाले मोबाइल मेडिकल वैन की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। बांगोली की आसमती खड़ी हुई और उन्होंने कहा कि हम जब बाजार पहुंचते हैं तो यह गाड़ी खड़ी मिलती है। जैसे ही बाजार शुरू होता है यह गाड़ी लग जाती है। यहां बढ़िया इलाज होता है और दवाई भी मुफ्त मिलती है। उरांदाबेड़ा की गिरिजा बाई ने बताया कि उन्हें मोबाइल वेन से दवा मुफ्त मिल रही है। दवा का और इलाज का कोई खर्चा नहीं लग रहा। कर्ज माफी से खुली तरक्की की राह- किसान शंकरलाल शार्दुल ने बताया कि भूपेश सरकार द्वारा कर्जमाफी से उनकी तरक्की की राह खुल गई। कर्ज बढ़ गया था मानसिक रूप से बहुत परेशान थे। मुख्यमंत्री जी, आपकी सरकार आई। पांच लाख रुपए का कर्जा माफ हुआ। उपज का अच्छा रेट मिला तब सोचा कि खेती के लिए अब मेहनत करूंगा। इसके बाद तो महिंद्रा के दो ट्रैक्टर ले चुका हूँ। मेरी खेती शानदार हो रही है।

धान के बदले दूसरी फसल को प्रोत्साहन देने का परिणाम, मक्का का रकबा तेजी से बढ़ा किसानो ने मांगी फैक्ट्रीमुख्यमंत्री ने की कई अहम घोषणाएं- मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर बड़े डोंगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामुदायिक स्वास्थ्य में उन्नयन की घोषणा की।

## दुर्ग के साहू दंपति ने पेश की देहदान की अनुकरणीय मिसाल

श्रीकंचपथ न्यूज

**दुर्ग।** मानवता की भलाई के लिए मरणोपरांत देहदान की अनुकरणीय मिसाल प्रस्तुत करने वालों में दुर्ग के साहू दंपत्ति का नाम शामिल हो गया है । बीएसपी आरसीएल लैब से सेवानिवृत 32/3, प्रगति नगर बोरसी के पोषण लाल साहू और उनकी पत्नी श्रीमती परसूती साहू ने सामाजिक संस्था प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी की काउंसलिंग के पश्चात उनके माध्यम से देहदान की वसीयत जारी की।

राजीव लोचन आयुर्वैदिक कॉलेज चांदखुरी के नाम देहदान की वसीयत जारी की गई है ! देहदान के उद्देश्य के बारे में पोषण लाल साहू ने कहा कि,मरने के बाद भी यदि हम जिंदा समाज की भलाई के लिए हमारा मृत शरीर कुछ काम आ सके तो सही अर्थों में हमारा मानव धर्म साकार हो जाएगा ! देहदान करने वाले साहू दंपति ने परस्पर एक दूसरे की वसीयत में उत्तराधिकारी रिश्तेदार के रूप में हस्ताक्षर कर अपना भावनात्मक सहयोग प्रदान किया ! देहदान की इस नेक पहल के दौरान उपस्थित जनों में प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी के अलावा दल्ली राजहरा से आए सामाजिक कार्यकर्ता स्वाधीन जैन, पुनाराम साहू दंपति के पुत्र शशांक स्वर्णदीप और उनकी पुत्री श्वेता स्वर्णदिप ने भी अपनी विशेष सहभागिता प्रदान की ! प्रनाम के द्वारा विगत 14 वर्षों से भी ज्यादा समय से भिलाई दुर्ग सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में देहदान एवं नेत्रदान की अभिनव पहल अनवरत जारी है, जिसका हेल्पलाइन नं. 9479273500 है।

## भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह से दया सिंह ने की मुलाकात: संगठन में बेहतरीन काम के लिए मांगा आशीर्वाद

### भिलाई आने का दिया न्यौता

श्रीकंचपथ न्यूज

भिलाई। नगर निगम भिलाई के वार्ड-44 के पार्षद और बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह का नई दिल्ली दौरा चल रहा है। वे लगातार भाजपा नेता और केंद्रीय नेताओं से मुलाकात कर आशीर्वाद व मार्गदर्शन मांग रहे हैं।



साथ ही भिलाई के बेहतर विकास के लिए विकास कार्यों की स्वीकृति मांग रहे हैं। नई दिल्ली में केंद्रीय इस्पात राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सुभाष सरकार और केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर से सम्मान प्राप्त करने के बाद दया सिंह ने भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद अरूण सिंह से मुलाकात की।

इस मुलाकात में दया सिंह ने कई विषयों पर चर्चा की। अलग-अलग कार्यों के लिए विस्तार पर बातें हुई। दया सिंह ने भाजपा संगठन के नेता अरूण सिंह को भिलाई छत्तीसगढ़ आने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा है कि वे जरूर छत्तीसगढ़ आएंगे तो भिलाई आएंगे।

## व्यापारियों से मारपीट की घटना पर चैंबर ने जताई नाराजगी, उपद्रवियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मिलेगा चैंबर ऑफ कॉमर्स

श्रीकंचपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेंबर कार्यालय में संरक्षक मंडल, सलाहकार मंडल और वरिष्ठ सदस्यों की एक अति आवश्यक बैठक बुलाई गई, जिसमे दल्लीराजहरा, बालोद एवं गुण्डरदेही के व्यापारी शामिल हुए।

प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया की बैठक में बालोद जिला के ग्राम तुएगोंदी में घटना की आड़ में बालोद बंद के नाम पर छत्तीसगढ़ क्रांति सेना द्वारा गुंडरदेही में व्यापारियों के साथ मारपीट की गई। साथ ही छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अध्यक्ष अमित बघेल द्वारा दी गई विवादास्पद बयान से भी समाज का माहौल खराब हुआ। इसका भी चैंबर आफ कामर्स ने पुरजोर विरोध किया। पूर्व मे भी अमित बघेल द्वारा प्रदेश के विभिन्न् शहरों में अन्य समाजों के लिए उन्माद फैलाने के उद्देश्य से इसी प्रकार से नफरत और घृणा से भरे हुए भाषण दिए गए हैं।

पूरे भारत में छत्तीसगढ़ सबसे शांतिप्रिय प्रदेश है, जिसके सामाजिक समन्वय और सौहार्द को जानबूझकर बिगाड़ने की कोशिश की गई है। छत्तीसगढ़ क्रांति सेना द्वारा व्यापारियों से जबरन वसूली की शिकायतें भी सामने आती रही है । श्री पारवानी ने कहा कि बैठक में निर्णय लिया गया है कि अतिशीघ्र ही चेंबर एवं समस्त समाजों के वरिष्ठों का एक प्रतिनिधिमंडल माननीय मुख्यमंत्री जी से मिलकर सारी बातों से अवगत कराएगा एवं इस प्रकार के तत्वों पर कठोर से कठोर कार्रवाई की मांग करेगा।

बैठक में छत्तीसगढ़ चेम्बर के संरक्षक आसुदामल वाधवानी, महेन्द्र कुमार धाड़ीवाल, स. भजन सिंह होरा, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, प्रदीप कुमार गुप्ता सलाहकार दीपक बल्लेवार, भरत बजाज, अमर गिदवानी, जितेंद्र दोशी, नरेंद्र कुमार दुग्गड़, परमानंद जैन, राकेश ओचवानी, सुरिन्दर सिंह, अजय अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, मनमोहन अग्रवाल, राम मंधान, प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, प्रदेश कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा सहित दल्ली राजहरा इकाई अध्यक्ष शंकर लाल कुकरेजा, बालोद इकाई के महामंत्री अमित कुकरेजा व कैलाश जैन, भूपेंद्र डहरवाल उपस्थित थे।

## माहवारी स्वच्छता दिवस पर लगी किशोरियों की पाठशाला

श्रीकंचपथ न्यूज

**रायपुर।** मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के साथ साथ सही पोषण आहार लेने के बारे में किशोरियों की पाठशाला लगाकर मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया गया । इस अवसर पर स्वच्छता के संबंध में बालिकाओं और अभिभावकों को जागरूक करने के साथ ही बालिकाओं के प्रश्नों के माध्यम से आयी समस्याओं और भ्राँतियों का निराकरण भी किया गया ।

माहवारी स्वच्छता दिवस पर लगी पाठशाला की जानकारी देते हुए मातृ एवं शिशु चिकित्सालय कालीबाड़ी रायपुर की चिकित्सा अधिकारी डॉ.रजनी चौरसिया ने बताया: मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के उपलक्ष्य में किशोरियों को माहवारी से संबंधित जानकारी दी गई । इस दौरान किशोरियों को बताया गया कि गंदे कपड़े के इस्तेमाल के कारण खुजली, जलन और कई बार माहवारी के अनियमित होने की समस्या आती है । और मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता व्यवहार न अपनाने पर आगे चल कर सर्वाइकल कैंसर या गर्भाशय से संबंधित दिक्कतें भी आ सकती हैं। माहवारी के दौरान सेनेटरी पैड के इस्तेमाल से 90 फीसदी संक्रमण का खतरा कम रहता है। साथ ही सेनेटरी पैड हर चार घंटे में बदलना चाहिए। उन्होंने किशोरियों को उनके अधिकार जानने और इस उम्र में होने वाले बदलाव तथा इस दौरान किशोरियों को किन-किन परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



## खास खबर

### ऐतिहासिक और धार्मिक रूप से समृद्ध तथा तालाबों की नगरी के नाम से विख्यात है बड़ेडोंगर

**रायपुर।** बस्तर जिले के बड़े डोंगर का नाम सुनते ही एक प्राचीन गढ़ का बोध होता है। हल्बी बोली में डोंगरी का अर्थ पहाड़ होता है, डोंगरी शब्द से ही डोंगर बना है। यह ग्राम का पूर्व तथा पश्चिम भाग पहाड़ों से घिरा हुआ है। बस्तर के काकतीय राजवंश का यही पर राजतिलक होता आया है. यह ग्राम राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 30 से लगभग 15 किलोमीटर दूर पश्चिम दिशा में बसा हुआ है. यहां पर प्राचीन काल में निर्मित अनेक पुरातात्विक भग्नावशेष और हिंदू देवी देवताओं के पाषाण प्रतिमाएं स्थापित हैं। इनमें मुख्य शिव, पार्वती, विष्णु देव, गणेश, नरसिंह, विश्वकर्मा, भैरव देव, दंतेश्वरी देवी तथा गौतम बुद्ध, सूर्य देव आदि की प्रतिमाएं विद्यमान हैं। गांव के पूर्व दिशा में पहाड़ के ऊपर दंतेश्वरी देवी का मंदिर है तथा इस स्थल के कुछ दूरी पर पहाड़ के ऊपर यहीं ठुनठुन पत्थर है, इसे स्थानीय लोग कौड़ी ढूसी के नाम से जानते हैं इन पत्थरों को ठोकने पर मधुर ध्वनि निकलती है। इसके अतिरिक्त पहाड़ की चोटी पर पद चिन्ह है और इन पद चिन्हों को माता दंतेश्वरी देवी के पदचिन्ह कहते हैं।

पहाड़ में कई प्राकृतिक गुफाएं हैं कहा जाता है इन्हीं गुफाओं में भैसासुर रहा करता था स्थानीय लोग इस गुफा को रानी द्वार के नाम से जानते हैं क्योंकि राजवंश के शासन काल में यहां गुप्त रूप से रानी रहा करती थी। गुफा के दक्षिण की ओर भूमिगत जल प्रभाव को वीर पानी के नाम से जाना जाता है रानी द्वार गुफा से एक सुरंग सीधा पश्चिम की ओर बूढ़ा सागर को जोड़ता है। कहा जाता है कि इन्हीं पहाड़ी गुफाओं से निकलकर भैसासुर ने दंतेश्वरी देवी के साथ युद्ध किया था। बड़े डोंगर में छोटे-बड़े कुल तालाबों की संख्या 147 है ,जानकार लोग इन्हें सात कोरी सात आगर कहते हैं। इनमें से प्राचीन तालाब संसार बांधा, सुईका तालाब, गंगासागर, बूढ़ा सागर, जन्मकुंड या उपजन कुंड आदि इस उपजन कुंड के निकट ही एक चट्टान पर गणेश भगवान की प्रतिमा है इसे उकेर कर तैयार किया गया है। यहीं पर मंदिर निर्माण के भग्नावशेष भी हैं जानकार लोगों का कहना है कि इसी स्थान पर गणेश जी का जन्म हुआ था इसी काल में एक कुंडनुमा तालाब का निर्माण किया गया और इसी तालाब के पानी से गणेश जी को स्नान कराया जाता था। इसलिए इस तालाब को उपजन कुंड नाम के जानते हैं तथा इस स्थान पर आज भी गणेश जी के जन्म स्थान के नाम से पूजा की जाती है।

### किसान की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने की तुरंत कार्रवाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के किसानों की समृद्धि से ही राज्य की समृद्धि है, और किसानों को ही परेशानी हो तो फिर राज्य का क्या होगा. छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इस बात को बेहतर जानते हैं, तभी तो किसानों की समस्याओं को वो काफी गंभीरता से लेते हैं। केशकाल विधानसभा के बड़ेडोंगर में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान रती नेताम नाम के किसान ने बताया कि उनके गांव में सिंचाई के लिए बना स्टाप डैम खराब गुणवत्ता का था जो दो साल में ही टूट गया। किसान रती ने मुख्यमंत्री को बताया इससे लगभग 600 किसानों का नुकसान हो रहा है। किसान की समस्या पर तत्काल एक्शन लेते हुए मुख्यमंत्री ने जुगानी गांव में बने जुगानी भवरदीग नदी के स्टापडैम के टूटने के कारणों की जांच के आदेश दिए, मुख्यमंत्री ने किसानों के हितों को नुकसान ना होने देने की बात कहते हुए गांव में नए स्टाप डैम के निर्माण की भी घोषणा कर दी है।

### वट सावित्री का व्रत रखकर सुहागिन महिलाएं करेंगी पति की लंबी उम्र की कामना

**रायपुर।** सनातन धर्म में पौधों और विशाल वृक्षों को देवतुल्य माना गया है। पीपल, विल्व, आंवला के अलावा वट वृक्ष की पूजा करने का विधान है। पूजा की मान्यता के चलते वट वृक्ष को खास महत्व दिया गया है। रविवार को राजधानी के अनेक इलाकों में वट वृक्ष के नीचे पूजा करने महिलाएं उमड़ेंगी और पति की लंबी उम्र की कामना करेंगी। जिन वट वृक्षों के नीचे सबसे ज्यादा महिलाएं पूजा करेंगी, उन वृक्षों में पुरानी बस्ती में 150 साल से अधिक पुराने वट वृक्ष हैं। भीषण गर्मी में राहगीर इन वृक्षों के नीचे सुकुन की छांव तलाशने आते हैं। पुरानी बस्ती में लोहार चौक के बाजू से जगन्नाथ मंदिर जाने वाले मार्ग में टुरी हटरी बाजार में 150 साल से भी ज्यादा पुराना वट वृक्ष है।

# भेंट-मुलाकात अभियान

## मुख्यमंत्री ने बच्चों संग लिया गर्मी की छुट्टियों वाली स्कूल लाइफ का आनन्द

### बच्चों की शास्त्रीय नृत्य संग वेस्टर्न डांस की जुगलबंदी देख मुग्ध हुए मुख्यमंत्री, कहा- देखिए, ये है बदलता बस्तर

### समर कैम्प में आर्ट एंड क्राफ्ट गैलरी का मुख्यमंत्री ने नन्हीं पीहू संग किया निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** स्कूल लाइफ में गर्मी की छुट्टियों का बच्चे साल भर इंतज़ार करते हैं। और जब इन छुट्टियों की मस्ती में खुद मुख्यमंत्री साथी बन जाएं, तो फिर बात ही क्या है। ऐसा ही हुआ आज कोंडागांव में चल रहे समर कैम्प में, जब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बच्चों से मिलने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने बच्चों संग गर्मी की छुट्टियों वाली स्कूल लाइफ का आनन्द लिया। समर कैम्प में बच्चों द्वारा की जा रही एक्टिविटीज में मुख्यमंत्री खुद शामिल हुए और बच्चों की कला और हुनर को सराहा। बच्चों द्वारा प्रदर्शित आर्ट एंड क्राफ्ट गैलरी को मुख्यमंत्री ने 4 वर्षीय नन्हीं साथी पिहू ठाकुर के साथ देखा। इस दौरान मुख्यमंत्री बच्चों संग बचपन के रंग में रंगे नज़र आये।

समर कैम्प में शास्त्रीय नृत्य कत्थक और वेस्टर्न डांस सीख रहे बच्चों की प्रस्तुति देख मुख्यमंत्री मुग्ध हो गए। उन्होंने कहा की मैं पहली बार इतने छोटे बच्चों की शास्त्रीय और वेस्टर्न डांस की दो अलग अलग विधाओं को एक साथ इतने अच्छे से परफॉर्म करते देख रहा हूँ। आप दो अलग अलग डांस की जुगलबंदी कर रहे हैं और आपका बैलेंस भी नहीं बिगड़ रहा, ये कमाल है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों से कहा- देखिए, ये है बदलता बस्तर। उन्होंने ने बच्चों संग सेल्फी और फोटो क्लिक करवायीं।

### अबेकस क्लास में बच्चों ने चुटकियों में सुलझाई गणित की पहेलियां

समर कैम्प में बच्चों ने मुख्यमंत्री को अबेकस क्लास में चंद सेकेंड्स में गणित की गणनाओं को बिना पेन या पेपर के हल कर के चकित कर दिया। मेंटल मैथ्स से मन में ही जोड़,घटाव, गुणा और भाग कर गणित के सवाल सुलझा रहे बच्चों की बच्चों की मुख्यमंत्री ने खूब सराहना की।

### आर्ट एंड क्राफ्ट गैलरी का नन्हीं पीहू के साथ किया निरीक्षण

समर कैम्प की आर्ट एंड क्राफ्ट गैलरी में मुख्यमंत्री ने बच्चों की बनाई मिट्टी की कलाकृतियां, भित्ति चित्र, सिलाई कढ़ाई, चित्रकला, जूट शिल्प को देखा। इस दौरान 4 वर्षीय बच्ची नन्हीं पीहू ठाकुर को मुख्यमंत्री ने अपने साथ ले लिया। दसवीं कक्षा के छात्र देवदत्त ने मुख्यमंत्री को अपने द्वारा बनाया उनका पोट्रेट भेंट किया।

### मुख्यमंत्री बोले- सब मेरे सामने आ जाओगे तो मैं ही छुप जाऊंगा

समर कैम्प में अपने बीच मुख्यमंत्री को पाकर बच्चों का उत्साह आसमान छू रहा था। हर बच्चा मुख्यमंत्री के साथ फोटो खिंचाने लालायित था। मुख्यमंत्री ने भी पूरी आत्मीयता के साथ बच्चों संग सेल्फी और फोटो खिंचवाए। बच्चों ने मुख्यमंत्री को पूरी तरह घेर लिया तो मुख्यमंत्री ने बच्चों के ही अंदाज़ में उनसे कहा- सब मेरे सामने आ जाओगे तो मैं ही छुप जाऊंगा।

### हम होंगे कामयाब गीत पर मुख्यमंत्री ने ताली बजाकर मिलाई बच्चों की ताल से ताल

मंच पर तबला, गिटार, हारमोनियम, पर हम होंगे कामयाब गीत गाकर प्रस्तुत कर रहे बच्चों के साथ मुख्यमंत्री पूरी तरह रम गए। उन्होंने भी गीत के बोल दोहराए और ताली बजाकर बच्चों की ताल से ताल मिलाई। इस मौके पर उद्योग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा, राज्य सभा सांसद फूलोदेवी नेताम, बस्तर सांसद दीपक बैज, केशकाल विधायक संतराम नेताम एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने मजदूर सुरेंद्र मंडावी के घर दोपहर का भोजन किया



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** यहां छिंद के पत्तों से बने भोजन मण्डप में बैठ कर दोपहर का भोजन किया। परिवारजनों ने सरई(साल)के पत्ते से बने पत्तल व दोने में भोजन परोसा। मुख्यमंत्री बघेल ने सैगुड़ा(ईड़हर ->कोचई पत्ते से बना)सब्जी, चौलाई भाजी, चना+प्याज भाजी, मुनगा सब्जी, हिरवा+लाल भाजी, कर्मता भाजी, कांदा भाजी, कोयलारी भाजी, मड़िया पेज, चांवल, रोटी, सलाद(गाजर+खीरा+टमाटर+नींबू) हिरवा दाल का स्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने बड़े ही चाव से भोजन का आनंद लिया। मुख्यमंत्री के साथ मंडावी ने बैठ कर भोजन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंडावी से उनके जमीन के बारे में पूछा, वनपट्टा है कि नहीं इस पर श्री मंडावी ने बताया कि उनके पास जमीन नहीं है। मुख्यमंत्री ने उन्हें राजीव गांधी भूमिहीन किसान न्याय योजना का लाभ लेने कहा और बताया कि इस योजना में 7 हज़ार रुपए मिलेगा। मुख्यमंत्री ने स्वादिष्ट व्यंजन के लिए परिवारजनों को उपहार भेंट कर धन्यवाद दिया। भोजन के पश्चात पूरे परिवार ने मुख्यमंत्री के साथ तस्वीरें भी खिंचवाई। श्री मंडावी ने बताया कि उन्हें बहुत खुशी हो रही है कि मुख्यमंत्री मेरे घर पधारे हैं।हर किसी को यह सौभाग्य नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि मुझे शासकीय योजनाओं का लाभ जैसे राशन कार्ड, श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड का लाभ मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने पूरा किया वादा

## तीन दिन के भीतर लोकेश्वरी को मिला 3 लाख रुपए का चेक

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात अभियान के तहत बस्तर संभाग का दौरा कर रहे है। जहां वे सीधे आम जनता से मुलाकात कर उनकी दिक्कतों का निवारण तुरंत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री बस्तर संभाग में शासकीय योजनाओं की मैदानी स्तर तक पहुंच की जांच-परख स्वयं कर रहे हैं। कई जगह मुख्यमंत्री बघेल की उदारता और संवेदनशीलता देख प्रशासन के साथ आमजन भी चौकस है। इसी कड़ी में बस्तर विधानसभा के भैंसगांव ग्राम पंचायत में भेंट-मुलाकात के दौरान 26 मई को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भीड़ में भी रोती हुई बेटी को देख लिया। ग्राम पंचायत कुरूषपाल की रहने वाली इस बेटी लोकेश्वरी को मुख्यमंत्री ने अपने पास बुलाकर उनकी समस्या सुनी। लोकेश्वरी की समस्या पर तत्काल संज्ञान में लेते हुए मुख्यमंत्री द्वारा तीन लाख रूपए की सहायता राशि तत्काल स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए।

## कोंडागांव के मरीजों को एक ही छत के नीचे मिलेगी 120 प्रकार के स्वास्थ्य जांच की सुविधा

### मुख्यमंत्री बघेल ने किया अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड 'हमर लैब' का लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कोंडागांव में अब एक ही छत के नीचे मरीजों को अलग-अलग 120 प्रकार के स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिलेगी। शहर के जिला अस्पताल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड 'हमर लैब' का लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री कवासी लखमा, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, लोकसभा सांसद दीपक बैज, स्थानीय विधायक मोहन मरकाम, नारायणपुर विधायक चन्दन कश्यप, राष्ट्रीय स्वास्थ्य की मिशन संचालक डॉ प्रियंका शुक्ला, कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा सहित जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। पैथोलोजिस्ट डॉ महेश सांडिया ने बताया कि हमर लैब अत्याधुनिक उपकरणों के साथ एक इंटीग्रेटेड हेल्थ लैब है। यहां जांच से संबंधित समस्त संसाधनों का उपयोग एक स्थान पर करते हुए गुणवत्ता पूर्ण जांच सेवाएं मरीजों को उपलब्ध कराई जाएगी। इससे मरीजों को बाहर महंगे दरों पर जांच की समस्या से भी राहत मिलेगी। हमर लैब में क्लीनिकल पैथोलॉजी, हेमेटोलॉजी, सीरोलॉजी, बायोकेमेस्ट्री एवं माइक्रोबॉयलोजी अंतर्गत 120 विभिन्न प्रकार की जांच सुविधाएं मरीजों को उपलब्ध कराई जाएगी।




### ओडिसा के ग्रामीण कर रहे छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री की तारीफ

हमर लैब का लोकार्पण करने कोंडागांव जिला अस्पताल पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की प्रशंसा ओडिसा के ग्रामीणों ने की। यहां ओड़िसा के नवरंगपुर जिले के खड़का गांव से पहुंचे राजूराम बंजारा और रायगढ़ के नरेश राय मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद नियमित जांच के लिए जिला अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि ओड़िसा में सुविधा नहीं होने के कारण उन्हें कोंडागांव आना पड़ा। यहां इलाज की बहुत ही अच्छी सुविधा मिली।

### सवा साल में 1632 लोगों की आंखों का किया गया है ऑपरेशन

मुख्यमंत्री से बातचीत के दौरान नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ कल्पना मीणा ने बताया कि जिले में 2020 से कोरोना के कारण आंखों का ऑपरेशन रोक दिया गया था, जिसे फरवरी 2021 से। फिर से चालू किया गया। इन सवा सालों के दौरान 1632 लोगों की आंखों का ऑपरेशन कर राहत पंहुचाई गई , जिनमे 1144 मरीज मोतियाबिंद के थे। वहीं अप्रैल और मे 239 मरीजों का ऑपरेशन किया गया।

### एक परिवार की तीन बच्चियों की आंखों को मिली रोशनी

कोंडागांव में आँखों का इलाज शुरू होने से जहां हजारों लोगों की आंखों में रोशनी पहुंची। वहीं फरसगांव तहसील के आलीबेड़ा के अनिल मरकाम की तीन बेटियों की आंखों को रोशनी मिली। अनिल मरकाम की 17 वर्षीय बेटी वन्दना, 23 वर्षीय सवीना और 10 वर्षीय यमुना को मोतियाबिंद था। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लंजोड़ा में पदस्थ नेत्र सहायक अधिकारी श्रीमती सरिता साहू जब आलीबेड़ा मिडिल स्कूल में बच्चों की स्क्रीनिंग करने पहुंची थीं, तब उन्होंने इन बच्चियों की आंखों के मोतियाबिंद की पहचान की थी और उनके पिता को इनके इलाज के लिए रायपुर जाने की सलाह दी थी। गरीब पिता इन बच्चियों को रायपुर नहीं ले जा पाए। कोंडागांव में नेत्र विशेषज्ञ की नियुक्ति होने के बाद इन बच्चियों की आंखों का ऑपरेशन किया गया।

### मुख्यमंत्री के साथ सेल्फी खिंचाने की दिखी होड़

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कोंडागांव जिला अस्पताल पहुंचने बाद लोगों में जबरदस्त उत्साह दिखा और लोग उनके साथ सेल्फी खिंचाने की मांग करने लगे। लोगों के उत्साह और प्रेम पूर्वक किये गए अनुनय को देखते हुए मुख्यमंत्री ने अस्पताल के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही मरीजों के साथ भी सेल्फी ली।

## धनोरा के पूर्ण तहसील बनने से लोगों को मिली राहत

**रायपुर।** कोण्डागांव जिले के धनोरा को पहले उप तहसील का दर्जा था। क्षेत्रवासियों की मांग पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 27 जनवरी 2021 को धनोरा को पूर्ण तहसील बनाने की घोषणा की थी। उनकी घोषणा के अनुरूप अब धनोरा पूर्ण तहसील बन चुका है। भेंट-मुलाकात अभियान की कड़ी में मुख्यमंत्री बघेल केशकाल विधानसभा अंतर्गत धनोरा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नव निर्मित तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया।

तहसीलदार न्यायालय के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री बघेल ने नायब तहसीलदार दयाराम साहू से क्षेत्र के राजस्व प्रकरणों, भुइंया पोर्टल में एंट्री की जानकारी ली। उन्होंने दर्ज प्रकरणों की जानकारी लेते हुए, समस्त प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के भीतर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। दूसरी ओर उप तहसील को पूर्ण तहसील का दर्जा देने पर क्षेत्रीय लोगों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। क्षेत्रीय लोगों ने मुख्यमंत्री से कहा कि धनोरा पूर्ण तहसील बन जाने से अब राजस्व संबंधी व तहसीलदार कार्यालय से जुड़े अनेक काम के लिए उन्हें भटकना नहीं पड़ता। क्षेत्रीय जनता के समय और व्यय की बचत हो रही है। इससे आमजनता को काफी राहत मिली है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

मोमोस नास्ता सेंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर
| | फुल | हाफ |
|---|---|---|
| वेज मोमोस | 40/- | 20/- |
| मनचुरियन मोमोस | 50/- | 30/- |
| पनीर मोमोस | 60/- | 30/- |
मोमोस-10, 20 और 30 रु. का भी मिलता है। शुद्ध बिना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# एक्शन और रोचक कहानियों से भरपूर होगा जून का महीना, यह फिल्में होंगी रिलीज

'भूल भुलैया 2' और 'अनेक' जैसी धमाकेदार फिल्मों की रिलीज के साथ मई का यह महीना खत्म होने जा रहा है। ऐसे में सभी सिने प्रेमियों के मन में जून के आने वाले महीने में रिलीज होने वाली फिल्मों को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे होंगे, जिनका जवाब आप बड़ी उत्सुकता के साथ खोज रहे होंगे। इस महीने के आखिर में कार्तिक आर्यन, कियारा आडवाणी और तब्बू जैसी दमदार स्टार कास्ट के साथ रिलीज हुई हॉरर कॉमेडी फिल्म ने सबका मनोरंजन किया है। इस फिल्म को देखने के बाद दर्शकों के दिलों में आस जगी है कि बॉलीवुड फिल्में अब भी स्क्रीन्स पर दर्शकों को खींचने में कामयाब हो सकती हैं। तो आज हमने आपके लिए बॉलीवुड और साउथ की ऐसी ही बहुचर्चित फिल्मों की एक लिस्ट तैयार की है, जो जून के महीने में आपका मनोरंजन करेंगी।






### सम्राट पृथ्वीराज

थिएटर्स में 'बच्चन पांडे' के बुरी तरह से फ्लॉप होने के बाद अक्षय कुमार फिर से दर्शकों को लुभाने के लिए बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। इस बार वह निर्देशक चंद्रप्रकाश द्विवेदी की ऐतिहासिक फिल्म 'सम्राट पृथ्वीराज' से 3 जून को सिनेमाघरों में वापसी करेंगे। यह फिल्म यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनाई गई है, जो राजा पृथ्वीराज चौहान के जीवन पर आधारित है। इस फिल्म में जहां अभिनेता अक्षय कुमार राजा पृथ्वीराज की भूमिका में नजर आएंगे। वहीं, मानुषी छिल्लर संयोगिता का किरदार निभाकर बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। फिल्म में अक्षय और मानुषी के अलावा सोनू सूद, संजय दत्त, आशुतोष राणा, मानव विज, साक्षी तंवर, ललित तिवारी भी अहम किरदार निभाते दिखाई देंगे।

### मेजर

मुंबई हमले 26/11 में शहीद हुए मेजर संदीप उन्नीकृष्णन के जीवन पर आधारित फिल्म 'मेजर' 3 जून को रिलीज होने जा रही है। देश के रियल हीरो पर आधारित इस फिल्म से हमें एक बार फिर 26/11 हमलों की भयावह तस्वीर देखने को मिलेगी। मेजर संदीप एक बहादुर एनएसजी कमांडो थे, जिन्होंने लोगों की जान बचाने के दौरान आतंकी हमले में अपनी जान गंवा दी थी। फिल्म में उनके मेजर बनने तक के सफर के साथ ही उनकी लव स्टोरी भी दिखाई जाएगी। शशि किरण टिक्का के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अदिवी शेष, प्रकाश राज, शोभिता, सई मांजरेकर और रेवती मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म को हिंदी और तेलुगू में रिलीज किया जाएगा।

### विक्रम

साउथ फिल्मों के सुपरस्टार कमल हासन चार साल बाद फिल्म 'विक्रम' से सिनेमाघरों में वापसी कर रहे हैं। इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में कमल हासन एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। फिल्म में कमल हासन के अलावा विजय सेतुपति, फहद फासिल जैसे शानदार कलाकार नजर आएंगे। इसके अलावा खबर है कि एक्टर सूर्या फिल्म में कैमियो रोल करते हुए नजर आने वाले हैं। 'विक्रम' 3 जून को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

### जनहित में जारी

जय बसंतु के निर्देशन में बनी 'जनहित में जारी' फिल्म एक बहुत बड़े सामाजिक मुद्दे को सबके सामने लाने वाली है। फिल्म में अभिनेत्री नुसरत भरूचा एक ऐसी सेल्सगर्ल का किरदार निभा रही हैं, जो कॉन्डम बेचने का काम करती है। वह लोगों को इसके इस्तेमाल के बारे में जागरूक करने का काम भी करती है। नुसरत भरूचा की यह फिल्म 'जनहित में जारी' 10 जून को रिलीज हो रही है।

### अर्ध

पलाश मुच्छल के निर्देशन में बनी इस फिल्म में राजपाल यादव, शिव नामक व्यक्ति का किरदार निभा रहे हैं। राजपाल यादव के अलावा इस फिल्म में रुबीना दिलैक, हितेश तेजनावी और कुलभूषण खरबंदा भी नजर आएंगे। मुंबई जैसे बड़े शहर में गुजर-बसर करने के लिए शिव (राजपाल यादव) अपनी पत्नी (रुबीना दिलैक) की मदद से ट्रांसजेंडर पार्वती होने का दिखावा करने लगता है। इस फिल्म में आपको एक्शन के साथ-साथ कॉमेडी भी देखने को मिलेगी। यह फिल्म 10 जून से 'जी 5' पर स्ट्रीम की जा सकती है।

### निकम्मा

यह एक ऐक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन और निर्माण सब्बीर खान, सोनी पिक्चर्स के साथ मिलकर कर रहे हैं। फिल्म में अभिनेत्री भाग्यश्री के बेटे अभिमन्यु दस्सानी, शिर्ली सेटिया और शिल्पा शेट्टी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 'निकम्मा' 17 जून को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

### खुदा हाफिज 2

बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल और एक्ट्रेस शिवालिका ओबेरॉय स्टारर थ्रिलर फिल्म 'खुदा हाफिज 2' 17 जून को रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म साल 2020 में रिलीज हुई फिल्म 'खुदा हाफिज' का सीक्वल है, जिसे लोगों की बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। फारुक कबीर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में विद्युत जामवाल एक खुफिया अधिकारी के किरदार में नजर आएंगे। सस्पेंस से भरपूर ये फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है। फिल्म में दिखाया जाएगा कि किस तरह भारतीय खुफिया अधिकारियों ने पूरे पाकिस्तानी प्रतिष्ठान को हिला कर रख दिया था।

### जुग जुग जियो

राज मेहता के निर्देशन में बनी फिल्म 'जुग जुग जियो' को धर्मा प्रॉडक्शन के बैनर तले बनाया गया है। फिल्म में कियारा और वरुण के अलावा अनिल कपूर, नीतू कपूर, मनीष पॉल, फेमस यूट्यूबर प्राजक्ता कोली आदि नजर आएंगे। 'जुग जुग जियो' एक फैमिली ड्रामा फिल्म है, जो शादी में बनते बिगड़ते रिश्तों को दिखाती है।

तारक मेहता का उल्टा चश्मा

## शैलेश लोढ़ा की एग्जिट के बाद अब शो में खुशबू पटेल की एंट्री, 'पोपटलाल' की दुल्हनिया बनेंगी



टीवी का पॉपुलर शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' पिछले कुछ दिनों से चर्चा में बना हुआ है। दरअसल, शो के मेहता साहब यानी शैलेश लोढ़ा शो छोड़ चुके हैं। वहीं शो के प्रोड्यूसर असित कुमार मोदी का कहना है कि मेकर्स कोशिश में जुटे हैं कि वह 'दयाबेन' को शो में वापस ला सकें। हालांकि, इस रोल को दिशा वकानी ही निभआएंगी या कोई और इसपर प्रोड्यूसर ने अब तक कोई बयान हीं दिया है। अब खबर आ रही है कि शो में एक नए चेहरे की एंट्री होने वाली है।

### खुशबू पटेल कि शो में होगी एंट्री

बताया जा रहा है कि खुशबू पटेल कि शो में एंट्री होगी। शो में पोपटलाल के साथ खुशबू की जोड़ी बनाई जाएगी। 'तारक मेहता' के आने वाले एपिसोड्स में पोपटलाल की शादी की सीरीज दिखाई जाएगी। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' अब तक का सबसे लंबा रन करने वाला शो रहा है। इंडिया ही नहीं विदेश में भी इस शो की काफी डिमांड है। पॉपुलैरिटी में भी यह नंबर 1 बना हुआ है।

हाल ही में दिलीप जोशी उर्फ 'जेठालाल' ने अपने किरदार के बारे में खुलकर बात की थी। उनसे जब पूछा गया कि वह इतने सालों से इस किरदार को निभा रहे हैं, ऐसे में क्या वह इससे बोर नहीं हुए? इसपर दिलीप जोशी ने कहा था कि मुझे जेठा का किरदार प्ले करना पसंद है। आज भी जब मैं इसे प्ले करता हूं, तो अच्छा लगता है। इस किरदार में मुझे सिंगिंग करना, डांस करना, लड़ाई करना, कई सीक्वेंस करने को मिलते हैं। मैं वह सब कर रहा हूं जो एक हिंदी फिल्म का हीरो करता है। हम हर त्योहार सेलिब्रेट करते हैं। हर सेलिब्रेशन का आनंद लेते हैं, ऐसे में किसी और को क्या चाहिए होगा।

### शैलेश के शो छोड़ने पर क्या बोले प्रोड्यूसर

शैलेश लोढ़ा के शो को छोड़ने को लेकर प्रोड्यूसर असित कुमार मोदी ने कहा था कि मुझे समझ नहीं आता ये सूत्र कौन हैं जो अफवाह फैला रहे हैं। न ही इस पर शैलेष लोढ़ा ने कोई ऑफिशियल बयान दिया है और न ही मैंने कभी कुछ ऐसा कहा है। लेकिन, पिछले दो दिनों से न्यूज ने परेशान कर दिया है। अगर कुछ भी होता है, तो इसकी जानकारी सभी को दे दी जाएगी।

## भूल भुलैया 2: कोलकाता पहुंचे कार्तिक आर्यन, पीली टैक्सी पर चढ़कर कहा- 'आमी जे तोमार'



कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी स्टारर भूल भुलैया 2 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रखा है। दर्शकों को एक बार फिर बड़ी संख्या में सिनेमाघरों तक लाने में इस हॉरर कॉमेडी की सफलता का अहम योगदान रहा है। कार्तिक की ये फिल्म लोगों को काफी पसंद आ रही है। दर्शक इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के अभिनय की खूब तारीफ कर रहे हैं। फिल्म की सुपर सफलता के साथ ही अभिनेता कार्तिक आर्यन ने रिलीज के बाद भी प्रचार का सिलसिला जारी रखा है। हाल ही में कार्तिक आर्यन प्रमोशन के लिए कोलकाता पहुंचे। अभिनेता हावड़ा ब्रिज पर रुककर एक टैक्सी पर चढ़ गए।

कार्तिक आर्यन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें उन्हें कोलकाता के हावड़ा ब्रिज पर पीली टैक्सी पर चढ़े देखा जा सकता है। दरअसल कार्तिक हावड़ा ब्रिज से गुजर रहे थे और वह अपने दर्शकों को निराश नहीं करना चाहते थे। इसलिए कार्तिक हावड़ा ब्रिज पर रूक गए। इसके बाद उन्होंने पीली टैक्सी पर चढ़कर फैंस का अभिवादन किया और कई सारे पोज दिए। इस दौरान उन्होंने अपना सिग्नेचर भूल भुलैया पोज भी दिया।

तस्वीर शेयर कर उन्होंने लिखा- ओ कोलकाता आमीजे तोमार (मैं तुम्हारा हूं)। अभिनेता की इस तस्वीर को अब तक चार लाख से ज्याादा लाइक्स मिल चुके हैं। दरअसल कोलकाता में इस फिल्म का नया गाना रिलीज हुआ। जिसको लेकर कार्तिक प्रमोशन में जुटे हुए थे। पहले तो वह टैक्सी पर खड़े होकर तस्वीरें खिंचा रहे थे, फिर अभिनेता ने फैंस से बात भी की। कार्तिक का ये अंदाज लोगों को खूब पसंद आ रहा है। बता दें कि कार्तिक अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए पुणे के एक स्कूल में भी पहुंचे थे।

भूल भुलैया 2 में कियारा आडवाणी, तब्बू, राजपाल यादव और संजय मिश्रा भी हैं। भूल भुलैया 2 साल 2007 की लोकप्रिय फिल्म भूल भुलैया का सीक्वल है। इस फिल्म का निर्देशन अनीस बज्मी ने किया है।

### दिल्ली के फिल्ममेकर ने जीता गोल्डन आई अवार्ड

फिल्म निर्माता शौनक सेन की डॉक्यूमेंट्री 'ऑल दैट ब्रीद्स' ने कान में लुइडियो पुरस्कार जीता है। इसे गोल्डन आई पुरस्कार के नाम से भी जाना जाता है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने सेन को बधाई दी और कहा कि यह अन्य भारतीय डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माताओं को विश्व स्तर पर बड़ा करने की प्रेरणा देगा।

वर्ष 2015 में फ्रांसीसी भाषी लेखकों के समूह 'लास्कैम' ने कान्स फिल्म महोत्सव के साथ मिलकर इसकी शुरुआत की थी। कान्स में विशेष स्क्रीनिंग के दौरान यह डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई थी। इसमें दिल्ली के मोहम्मद सऊद और नदीम शहबाज नामक भाइयों की कहानी दिखाई गई है। दोनों भाई दिल्ली के वजीराबाद में पक्षियों विशेष रूप से काली चीलों को बचाते और उनका इलाज करते हैं।

निर्णायक मंडल ने 90 मिनट लंबी इस फिल्म को विजेता चुना। निर्णायक मंडल के सदस्य एग्निज्का हॉलैंड, इरिना त्सिल्क, पियरे डेलाडोनचैम्प्स और एलेक्स विसेंट ने इसे एक शानदार फिल्म बताया है। इन सभी ने कहा कि यह एक ऐसी फिल्म हैं जो यह संदेश देती है कि विनाश की दुनिया में हर जीवन महत्व रखता है। इस पुरस्कार के तहत पांच हजार यूरो नकद दिए जाते हैं। कान्स से एक हफ्ते पहले इस फिस्ल्म को एचबीओ चैनल पर प्रसारित किया गया था।

# हमारा राष्ट्रगान एक, हमारा सिनेमा भी एक है! भाषा विवाद पर कमल हासन का बड़ा बयान

सोशल मीडिया पर फिल्म 'सम्राट पृथ्वीराज' से बेहतर ध्यान खींच रही तमिल फिल्म 'विक्रम' अपने सितारों कमल हासन, विजय सेतुपति और फहाद फासिल के चलते हिंदी भाषी क्षेत्रों में भी काफी चर्चा में है। फिल्म 'सम्राट पृथ्वीराज' और फिल्म 'मेजर' के साथ हिंदी में भी रिलीज हो रही इस फिल्म को लेकर मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए कमल हासन ने हिंदी सिनेमा और दक्षिण भारतीय सिनेमा को लेकर चल रहे विवाद पर बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि हमारा सिनेमा सफल हो, इसमें सबको खुशी होनी चाहिए। जैसे हमारा राष्ट्रगान एक है। उसके लिए हमारा सम्मान एक जैसा है। वैसे ही हमारा सिनेमा भी एक है। भाषा कोई भी हो। भारतीय सिनेमा की हॉलीवुड फिल्मों के मुकाबले सफलता का जश्न हम सबको मनाना चाहिए।



### 'अचानक' से मिली निर्देशन की प्रेरणा

निर्देशक लोकेश कनगराज की फिल्म 'विक्रम' के प्रचार के लिए कमल हासन देश के तूफानी दौरे पर हैं। चेन्नई से दिल्ली होते हुए वह मुंबई पहुंचे। फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर खूब धूम मचा रहा है। यहां मुंबई में उनसे फिल्म 'रनवे 34' की रिलीज के समय सुदीप किच्चा और अजय देवगन के ट्वीट्स से शुरू हुए भाषा विवाद पर खूब सवाल हुए। कमल हासन ने इस दौरान खुलासा किया कि साल 1973 में रिलीज हुई गुलजार की फिल्म 'अचानक' से वह बहुत ज्यादा प्रेरित हुए थे। और, तब एक बार तो उन्होंने अभिनय छोड़ निर्देशन में ही पूरा ध्यान लगाने का मन बना लिया था।

### भारतीय सिनेमा की कामयाबी

हिंदी सिनेमा में अपनी ओरीजनल फिल्मों 'एक दूजे के लिए', 'सदमा' और 'गिरफ्तार' से शोहरत पाने वाले कमल हासन की डब फिल्मों मसलन 'हिंदुस्तानी' और 'चाची 420' ने भी हिंदी में खूब सफलता पाई। हिंदी सिनेमा से अपने प्रेम को कमल हासन ने 'मुगल ए आजम' और 'शोले' जैसी फिल्मों से जोड़ा। कमल हासन कहते हैं, 'लोग कहते हैं कि साउथ की फिल्में सफल हो रही है। लेकिन मुझे लगता है कि ये हॉलीवुड सिनेमा के मुकाबले एक भारतीय फिल्म कामयाब हो रही है। भव्य और विशाल फिल्में कैसे बनती हैं, ये हमने 'मुगल ए आजम' और 'शोले' जैसी फिल्मों से सीखा। पहले तो हम ऐसी फिल्में बनाने की सोचते भी नहीं थे। हमें लगता था कि हम ऐसी फिल्में कैसे बना सकते हैं!

### हमारा सिनेमा एक है

भाषा विवाद पर कमल हासन ने कहा, 'सिनेमा की अपनी खुद की भाषा है। हमारा देश विविधताओं का देश है और इसके बावजूद हमारे बीच एक कमाल की एकता है। तमिलनाडु के लोगों को बंगाली नहीं आती, लेकिन वे भी तो राष्ट्रगान गाते हैं और शान से गाते हैं। कुल मिलाकर देखें तो उन्हें बंगाली आती भी बस इतनी है। तो जैसे हमारा राष्ट्रगान एक है। वैसे ही हमारा सिनेमा एक है।

### ऐसा कभी नहीं सोचा था

कमल हासन कहते हैं, 'हिंदी की तमाम कालजयी फिल्मों के निर्देशकों को तो वह पूजनीय माना करते थे। सपने में भी कभी नहीं आता था कि इन फिल्मों को बनाने वालों से कभी वह मिल भी पाएंगे। 'शोले' बनाने वालों के साथ मैंने काम किया (फिल्म 'सागर' में कमल हासन ने निर्देशक रमेश सिप्पी के साथ काम किया है)। हमें ये बात समझनी चाहिए और एक दूसरे का सम्मान करना चाहिए। अगर आपको कोई फिल्म अच्छी लगती है तो भाषा पर मत जाइए। उसकी तारीफ कीजिए। सिनेमा की अपनी खुद की भाषा होती है बाकी उसकी कोई भाषा नहीं होती।'

### फिल्म प्रोड्यूसर बोनी कपूर के साथ हुई धोखाधड़ी, बैंक खाते से चोरी हुए लगभग 4 लाख रुपए

फिल्म प्रोड्यूसर बोनी कपूर हाल ही में साइबर फ्रॉड का शिकार हो गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बोनी कपूर के बैंक अकाउंट से लगभग 4 लाख रुपए की चोरी हुई है। बोनी ने मुंबई पुलिस में इस मामले को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट के तहत मुंबई के अंबोली पुलिस थाने में बुधवार को यह मामला दर्ज किया गया।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रोड्यूसर बोनी कपूर के क्रेडिट कार्ड के जरिए उनके साथ यह धोखाधड़ी हुई। शिकायत के मुताबिक, 9 फरवरी को 5 फर्जी लेनदेन में कपूर के खाते से 3.82 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए। जैसे ही बोनी कपूर को पता चला कि उनके बैंक खाते से पैसे निकाले गए हैं, उन्होंने इस बारे में बैंक से पूछताछ की। इसके बाद उन्होंने पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

जान्हवी कपूर के पिता ने पुलिस को बताया कि न तो किसी ने उनके क्रेडिट कार्ड की जानकारी मांगी और न ही उन्हें इस बारे में कोई फोन आया। पुलिस अधिकारियों को संदेह है कि बोनी कपूर द्वारा कार्ड का उपयोग करने के दौरान किसी ने क्रेडिट कार्ड का डेटा निकाल लिया था। जांच में पुलिस को पता चला है कि कपूर के कार्ड से पैसे गुरुग्राम की एक कंपनी के खाते में ट्रांसफर किए गए हैं।




दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


















## खास खबर

### कला जत्था के माध्यम से दी जा रही शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी

**नारायणपुर।** जनसंपर्क विभाग द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को जनसामान्य तक पहुंचने के लिए आज नारायणपुर विकासखण्ड के ग्राम देवगांव, छेरीबेड़ा में प्रगतिपथ वेलफ्ेयर एवं एजुकेशन सोसायटी, नंदोराम भारती एवं साथी और नेगमुदियाल नयानार सांस्कृतिक संस्था द्वारा कला जत्था दल के माध्यम से शासन की योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाया और इन योजनाओं का लाभ लेने प्रोत्साहित किया। कला जत्था कार्यक्रम के माध्यम से राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं-राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, जल जीवन मिशन, सर्वभौम पीडीएस, मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना, ब्याज मुक्त कृषि ऋण योजना आदि योजनाओं की जानकारी दी गयी, जिसे ग्रामीणों ने खूब सराहा।

### मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में शुरू हुयी अस्थिरोग, सर्जरी और फिजियोथेरेपी की ओपीडी

**रायगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री टी.एस.सिंहदेव ने पिछले दिनों अपने रायगढ़ प्रवास के दौरान मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के नए भवन में विभागों की शिफ्टिंग के निर्देश मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को दिए थे। जिसके बाद मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के नए भवन में विभागों की शिफ्टिंग शुरू हो गयी है और उनकी ओपीडी भी नए बिल्डिंग में प्रारम्भ कर दी गयी है। मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ.मनोज मिंज ने बताया कि हॉस्पिटल के नए भवन में अस्थि रोग, सर्जरी और फिजियोथेरेपी विभागों की आज शनिवार से ओपीडी प्रारंभ कर मरीजों का इलाज शुरू कर दिया गया।

### निधन

**कृष्णा मलिक**



**भिलाई।** नवभारत भिलाई में कार्यरत संतोष मलिक के बड़े भाई कृष्णा मलिक 39 साल का रविवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया है.वे वार्ड 29 अर्जुन नगर निवासी हैं. उनका अंतिम संस्कार रविवार को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया।

# शासकीय योजनाओं से ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति में हो रहा सुधार

### विकास प्रदर्शनी में राज्य सरकार की योजनाओं की ग्रामीणों ने की सराहना

### स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों के शिक्षा के लिए सरकार का अभूतपूर्व कदम

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** विकास प्रदर्शनी में राज्य सरकार की योजनाओं की ग्रामीणों ने की सराहनासाइंस कॉलेज परिसर स्थित डीडीयू आडिटोरियम में सरकार की जनहितैषी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लोगों के जीवन में आए बदलाव और विकास कार्यों की उपलब्धियों पर आधारित राज्य स्तरीय छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई है।आज दुर्ग जिले की ग्राम दमोदा, अरानी, समोदा,ननकट्ठी,गाड़ाघाट, हिर्री,बोरई, करंजा,जनपद दुर्ग सहित विभिन्न ग्रामों से आए ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन कर विकास योजनाओं की सराहना की।प्रदर्शनी का अवलोकन करने आए पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से उच्च स्तरीय सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल योजना कारगर साबित हो रहा है। इससे सरकारी स्कूलों के प्रति विद्यार्थियों एवं पालकों का रुझान बढ़ा है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लोग अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा सरकारी स्कूलों में दिलवा कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। प्रदर्शनी में राज्य सरकार की योजनाओंग्राम पंचायत ननकट्ठी के प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ सरकार की सुराजी गांव योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं से लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इस छायाचित्र प्रदर्शनी में शासन की फ्लैगशिप योजनाओं को विशेष रूप से फोकस किया गया हैं।इसी तरह ग्राम करंजा से आए प्रतिनिधियों ने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसानों के जीवन में खुशहाली आयी है।

खेती-किसानी समृद्ध हुई है।लोग अब फिर से खेती की ओर लौट रहे है।इसके अलावा सुराजी गांव योजना और गोधन न्याय योजना से लोगों को रोजगार मिल रहा है। प्रदर्शनी में राज्य सरकार की योजनाओंग्राम समोदा से आए ग्रामीणों ने कहा कि इस छायाचित्र प्रदर्शनी में राम वन गमन पथ परियोजना, अधोसंरचना निर्माण, राजीव गांधी ग्रामीण, भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, वन अधिकार अधिनियम का क्रियान्वयन,आकर्षक फोटो एवं वीडियो के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है।

# देश के बेहतर भविष्य के लिए बाल अधिकारों की सुरक्षा बेहद आवश्यक : राज्यपाल सुश्री उइके

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके आज राष्ट्रीय युवा शक्ति संगठन एवं साधना प्लस चैनल द्वारा 'अंतर्राष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस' के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुईं। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के अधिकारों की रक्षा, उनके बेहतर विकास के लिए आवश्यक हैं। कार्यक्रम में राज्यपाल सुश्री उइके ने शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाली दिव्यांग समाजसेवी सुश्री लक्ष्मी साहू को मंच से उतर कर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल सुश्री उइके ने समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले 15 लोगों को सम्मानित किया।

कोरोना महामारी के दौरान बच्चों पर हुए नकारात्मक प्रभाव पर बोलते हुए सुश्री उइके ने कहा कि इसने समाज के बच्चे, युवा, बुजुर्ग सभी को बुरी तरह प्रभावित किया है। लेकिन इस त्रासदी ने बड़े पैमाने पर बच्चों के जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। बड़ी संख्या में बच्चों ने अपने माता-पिता को खोया है। उनकी मानसिक स्थिति पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है। उन्होंने ऐसे बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए शासन से लेकर व्यक्तिगत स्तर पर सहायता पहुंचाने की आवश्यकता बतलाई। उन्होंने कहा कि आज के भागदौड़ के जिंदगी में माता-पिता अपने परिवार अपने बच्चों को समय नहीं दे पाता। कोरोना ने लोगों को परिवार के महत्व की अनुभूति कराया है। हमें अपने काम के साथ-साथ अपने परिवार और बच्चों को भी पर्याप्त समय देने की आवश्यकता है।

उन्होंने भारतीय संस्कृति के महत्व को बताते हुए कहा कि संयुक्त परिवार की परंपरा भारत की समृद्धशाली परंपरा रही है, जहां बच्चों को अपने दादी, नानी से नैतिक मूल्यों की शिक्षा मिलती थी। आज बच्चे अपनी शिक्षा और नैतिक मूल्यों से दूर होते जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में हमें संयुक्त परिवार के महत्व को समझना होगा। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों में हुनर होता है। हमें उन करोड़ों बच्चों के उस हुनर को निखार कर नया जीवन देने की आवश्यकता है।

अंतर्राष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने की आवश्यकता की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करना है। आज भी बच्चे चाय ठेलों, होटलों, दुकानों जैसे अनौपचारिक क्षेत्र में मजदूरी करते हैं। उन्हें मानव तस्करी जैसे घृणित कार्य में भी झोंक दिया जाता है। कुछ तो बेहद मजबूरी में काम करते हैं या कुछ के माता-पिता उन्हें परिवार के आर्थिक सहयोग के लिए काम में लगा देते हैं।

इससे उनकी शिक्षा पर गहरा प्रभाव पड़ता है। यह आज के आधुनिक युग के लिए बेहद शर्म की बात है। इस खतरनाक स्थिति के लिए हमें गंभीर विचार करने के साथ ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। इस तरह के कार्यक्रमों से हम लोगों का ध्यान इस दिशा में आकृष्ट करते हुए उन्हें जागरूक करने का काम कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि किसी को भी बच्चों से उनके अधिकारो को छीनने का हक नहीं है। बच्चों को उनके अधिकारों से वंचित करना सबसे बड़ा अपराध है। उनके अधिकारों के हनन संबंधी कानूनों को बेहतर तरीके से लागू करने की आवश्यकता है। उन्होंने समाज के सभी लोगों से आग्रह किया कि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं, उनके बचपन को संवारें ताकि कल ये एक बेहतर नागरिक के तौर पर समाज में स्थापित हो सके।

नेता प्रतिपक्ष श्री धरमलाल कौशिक ने इस आयोजन को समाज में बच्चों के विकास की दिशा में सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा स्वास्थ्य और पोषण बच्चों का नैसर्गिक अधिकार है। हमारा भविष्य तभी सुरक्षित होगा, जब बच्चों का बचपन संरक्षित होगा। उन्होंने कहा कि बाल अधिकारों की रक्षा के लिए अभिभावकों के साथ समाज का भी उत्तरदायित्व है।

### एक बोरी यूरिया की ताकत एक बोतल में मिलेगी

# पीएम मोदी ने किया इफको नैनो यूरिया प्लांट का उद्घाटन



**नई दिल्ली ( पीआईबी )।** दो दिन के गुजरात दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इफको के कलोल स्थित नैनो यूरिया (तरल) प्लांट का उद्घाटन किया। इस मौके पर सहकारी समिति से जुड़े लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए गांवों का आत्मनिर्भर होना बहुत आवश्यक है। पीएम ने कहा कि सहकार गांवों के स्वावलंबन का भी बहुत बड़ा माध्यम है। इफको नैना यूरिया (तरल) प्लांट को लेकर पीएम ने कहा- आज आत्मनिर्भर कृषि के लिए देश पहले नैनो यूरिया लिक्विड प्लांट का उद्घाटन करते हुए मैं विशेष आनंद की अनुभूति कर रहा हूं। उन्होंने कहा एक बोरी यूरिया की ताकत अब एक बोतल में समा गई है। नैनो यूरिया की करीब आधा लीटर बोतल, किसान की एक बोरी यूरिया की जरूरत को पूरा करेगी।

पीएम ने आगे कहा- 7-8 साल पहले तक हमारे यहां ज्यादातर यूरिया खेत में जाने के बजाए, कालाबाजारी का शिकार हो जाता था और किसान अपनी जरूरत के लिए लाठियां खाने को मजबूर होता था। कई बड़ी फैक्ट्रियां तकनीक के अभाव में बंद हो गई। सरकार में आने के बाद हमने यूरिया की शत-प्रतिशत नीम कोटिंग का काम किया। इससे देश के हर किसान को पर्याप्त मात्रा में यूरिया मिलना सुनिश्चित हो सका।

पीएम मोदी ने बताया कि भारत विदेशों से जो यूरिया मंगाता है उसमें यूरिया का 50 किलो का एक बैग 3,500 रुपये का पड़ता है लेकिन देश के किसान को वही यूरिया का बैग सिर्फ 300 रुपये बैग मिलता है। हर बैग पर सरकार 3,200 रुपये का भार वहन करती है। पीएम ने कहा कि देश के किसान को दिक्कत न हो इसके लिए केंद्र सरकार ने पिछले साल फर्टिलाइजर में 1.60 लाख करोड़ रुपये की सब्सिडी दी है।

# मुख्यमंत्री ने शबरी बांसुरी की मधुर तान के साथ किया कोंडागांव सी-मार्ट का उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री ने अपने प्रदेशव्यापी भेंट मुलाकात कार्यक्रम में दौरान कोंडागांव में सी-मार्ट का उद्घाटन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सी मार्ट में विक्रय की जा रही शबरी बांसुरी को भी बजा कर मधुर तान छेड़ी। शबरी बांसुरी एक अनोखा वाद्य है जिसे मुंह से फूंक कर बजाने की बजाय हाथों से हिलाकर बजाया जाता है। यह वाद्य हाथों के व्यायाम के लिए भी उपयोगी है।



शबरी बांसुरी की मधुर तान के साथ किया कोंडागांव सी-मार्ट का उद्घाटनबिहान अंतर्गत उड़ान महिला कृषक प्रोड्यूसर की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों का विक्रय सी-मार्ट में किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सी मार्ट में हर्बल उत्पाद, कोदो, कुटकी, रागी कुकीज, जामुन चिप्स सहित सभी उत्पादों का अवलोकन किया। कोंडागांव के चिखलपुटी में खुले इस सी-मार्ट स्टोर से एक ही छत के नीचे स्थानीय उत्पाद उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री ने सी मार्ट के उत्पादों की सराहना की।

शबरी बांसुरी की मधुर तान के साथ किया कोंडागांव सी-मार्ट का उद्घाटनउल्लेखनीय है कि सी मार्ट कोंडागांव में लगभग 19 लाख रुपये लागत के उत्पादों का विक्रय किया जा रहा है। सी मार्ट में मुख्यमंत्री ने जामुन चिप्स की तारीफ की।

उन्होंने कहा कि यहां पहली बार मैं जामुन के चिप्स देख रहा हूँ। मुख्यमंत्री को स्टोर की महिलाओं ने बताया कि जामुन हर सीजन में उपलब्ध नहीं होता इसलिए हमने जामुन के चिप्स बनाये हैं, ताकि बारहों महीने जामुन का स्वाद लिया जा सके ।

उड़ान समूह में महिलाएं कुल 587 उत्पाद बना रही हैं। इस अवसर पर उद्योग मंत्री कवासी लखमा, लोकसभा सांसद दीपक बैज, राज्यसभा सांसद श्रीमती फूलोदेवी नेताम, विधायक चंदन कश्यप भी उपस्थित थे।

# राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना से आ रही जीवन में खुशहाली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित विकास प्रदर्शनी में जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों को फोटो प्रदर्शनी में बड़े ही आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। इस विकास प्रदर्शनी को प्रदेश के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में लोग देखने प्रतिदिन आ रहे हैं। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से आम लोगों के जीवन में आ रही खुशहाली और समृद्धि को फोटो और एलईडी स्क्रीन के माध्यम से जीवंत प्रदर्शित किया गया है। इसके अलावा राम वनगमन पर्यटन परिपथ भी लोगों का मन मोह रहा है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने 20 मई को विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ किया था। 20 मई से 22 जून तक चलने वाले विकास प्रदर्शनी का आयोजन जनसम्पर्क विभाग द्वारा किया गया है। इस फोटो प्रदर्शनी को दुर्ग जिले के पंचायत समोदा, ननकट्ठी, गाड़ाघाट, बोरई, करंजा, हिर्री, जनपद पंचायत दुर्ग, मचांदूर, धमधा, पथरिया और ग्राम पंचायत उमरकोटी के लगभग 170 निर्वाचित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों सहित सभी आयु-वर्ग के लोगों ने देखा और सराहना भी की।

इसी तरह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाली अश्विनीनगर निवासी सुश्री आंचल केशरवानी, सुश्री अंजलि केशरवानी, डीडी नगर की सुश्री प्रीति पूर्ति, कोटा निवासी सुश्री हेमलता सोनकर और अमलेश्वर निवासी श्री गिरीश यादव ने अवलोकन कर सराहना की। गौरतलब है कि विकास प्रदर्शनी देखने आने वालों के लिए यह सेल्फी जोन बन गया है।

### खेलो इंडिया गेम्स की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दल्ली राजहरा के तीन खिलाड़ियों का चयन

**दल्लीराजहरा।** खेलो इंडिया गेम्स की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दल्ली राजहरा के तीन कलरिपयतु खिलाड़ियों का चयन किया गया है। बालोद जिला कलरिपयतु संघ के अध्यक्ष अनिल खोबरागड़े ने बताया कि खेलों इंडिया गेम्स की राष्ट्रीय चेम्पियन शिप 9 जून से 13 जून तक पंचकुला, हरियाणा में आयोजित की जा रही है। जिससे छत्तीसगढ़ प्रदेश की ओर से 10 कलरिपयतु खिलाड़ी ,2अधिकारी एवं टीम मैनेजर हिस्सा लेंगे।

अरिहंत इंटेरियर्स
वॉलपेपर, वुडन फ्लोरिंग, पीवीसी फ्लोरिंग
विंडोव ब्लाइंड्स, एक्रीलिक रेलिंग, आर्टिफिसियल ग्रास, पीवीसी पैनल, ग्लास फिल्म
शॉप नं.-23, नेहरू रोड, सुपेला, भिलाई, 9584400900

YOGESH COMPUTER Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware, CCTV Camera, Networking, Software
Yogesh Sirame Mo-9893342971, 7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

GREEN COMPUTER
Sales, Services, Repairs
Laptop Repairing, Printer, Desktop
7/2, Dakshin Gangotri, Supela, Bhilai
0788-4083385

Y Fitness
• Gym Servicing • Gym Equipment & Accessories Available • Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/- Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

SAIRAM Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone,Samsung, MI, Oppo, Vivo, Nokia, HTC, Blue tooth Charger, Power Bank, Ear Phone, BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### छात्र अंदर दे रहे थे परीक्षा, बाहर गाड़ियों से मोबाइल-पर्स पार

**रायपुर।** डब्ल्यूआरएस कालोनी स्थित केंद्रीय विद्यालय के बाहर चोरों ने शनिवार को छह दोपहिया वाहनों की डिक्की के लाक तोड़े और छात्रों के 10 मोबाइल फोन चुरा ले गए। चोरों ने छात्रों के पर्स तक नहीं छोड़े। जब छात्र परीक्षा देकर बाहर निकले तो देखा कि छह गाड़ियों की डिक्की के लाक टूटे हुए थे तथा मोबाइल और पर्स सहित अन्य जरूरी चीजें गायब थीं। इससे वहां सनसनी फैल गई। सभी ने अपनी गाड़ियां चेक करनी शुरू कीं। छात्रों ने चोरी की घटना की जानकारी स्वजनों को दी और थाने में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शनिवार को सीबीएसई 12वीं बोर्ड की परीक्षा देने के लिए केंद्रीय विद्यालय में बड़ी संख्या में विद्यार्थी पहुंचे थे। परीक्षा केंद्र में जाने के लिए अपने दोपहिया वाहन कैंपस के बाहर खड़े कर दिए थे। दोपहर परीक्षा देकर वापस आए और पार्किंग तक पहुंचे तो डिक्की खुली हुई थी। कई दोपहिया में डिक्की का लाक टूटा पाया गया। अंदर तलाशी लेने पर मोबाइल फोन और पर्स गायब थे। छह गाड़ियों की डिक्की का लाक टूटा हुआ था। 10 मोबाइल फोन चोरी हुए हैं।

उठाईगिरी की वारदात के बाद मौके पर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम मौके पर पहुंची। गेट के बाहर चेक किया तो सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा हुआ था। सुरक्षा के नाते जब छोटे-छोटे संस्थान सीसीटीवी कैमरा लगा रहे हैं तब केंद्रीय विद्यालय में कैमरा न लगे होने से स्कूल प्रशासन की लापरवाही स्पष्ट होती है। हालांकि पुलिस ने कहा कि वो इस घटना में चोरों के विषय में जानकारी जुटा लेंगे।

### कट्टा और दो चाकू के साथ तीन गिरफ्तार, इनमें से दो नाबालिग गुढ़ियारी पुलिस की कार्रवाई

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाना प्रभारी बृजेश कुशवाहा द्वारा अपनी टीम के साथ थाना गुढ़ियारी क्षेत्र में पैदल पेट्रोलिंग कर संदिग्धों की चेकिंग की जा रहीं थी। इसी दौरान गोंदवारा स्थित अण्डरब्रिज के नीचे एक दोपहिया वाहन में तीन लड़के सवार होकर जा रहे थे, जो संदिग्ध प्रतीत हो रहे थे। चेकिंग टीम द्वारा लड़कों को रोककर पूछताछ करने पर एक लड़के ने अपना नाम शुभम वर्मा निवासी खमतराई रायपुर का होना बताया तथा दो लड़के अपचारी बालक है। चेकिंग टीम के सदस्यों द्वारा तीनों की तलाशी लेने पर उनके पास एक नग कट्टा एवं दो नग बटनदार धारदार चाकू रखा होना पाया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर तीनों के द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में कट्टा एवं चाकू लेकर घूमना बताया गया। जिस पर तीनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक नग कट्टा, दो नग बटनदार धारदार चाकू तथा घटना से संबंधित एक एक्टिवा वाहन जब्त कर तीनों के विरूद्ध थाना गुढ़ियारी में अपराध क्रमांक 233/22 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्यवाही किया गया। पूछताछ में आरोपी/अपचारियों द्वारा कट्टा को बिहार से लाना बताया गया है। कार्यवाही में निरीक्षक बृजेश कुशवाहा थाना प्रभारी गुढ़ियारी, सउनि. राकेश तिवारी, प्र.आर. दीपक बारिक, आर. गौरीशंकर साहू तथा संतोष सिंह ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।

### भिलाई स्टील प्लांट से सेवानिवृत कर्मचारी के घर चोरों का धावा

**रायपुर ( ए )।** सरस्वती नगर इलाके में भिलाई स्टील प्लांट से सेवानिवृत कर्मचारी के घर चोरों ने धावा बोलकर लाखें के जेवर व नगदी पार कर दिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कुछ संदेहियों को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ की जा रही। पुलिस थाने में सांई कालोनी कोटा रायपुर निवासी छबि राम वर्मा ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पीड़ित ने बताया कि वह 25 मई को परिवार के साथ शादी कार्यक्रम में ग्राम नरदहा गए हुए थे। अगले दिन सुबह वापस आने पर देखा कि आंगन के गेट का ताला खोलकर अंदर देखे तो घर के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ थ।

# लालच से बचें: पांच साल में ऑनलाइन ठगी के 84 में से 53 मामले का खात्मा

**बालोद (ए)।** एक ओर दुर्ग रेंज के आईजी बद्रीनारायण मीणा बैठक लेकर लंबित आपराधिक मामलों का निराकरण करने एसपी, एएसपी सहित सभी टीआई को निर्देश दे रहे है। वहीं दूसरी ओर हाल ऐसा है कि जिले में 5 साल में हुए साइबर क्राइम ऑनलाइन ठगी के 84 में से 53 केस का खात्मा रिपोर्ट पुलिस की ओर से कोर्ट में पेश किया जा चुका है। वहीं 24 मामले अब तक लंबित है। जिसमें 2017 के एक, 2018 के एक, 2019 के दो, 2020 के 13 और 2021 के 7 केस शामिल है।



रिपोर्ट अनुसार 2017 से 2021 तक 5 साल में ऑनलाइन ठगी के 84 मामले सामने आए है। सभी में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज हुआ है। 84 में से 11 प्रकरण में 19 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। जिसके बाद सभी के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट पेश किया जा चुका है। वहीं 53 प्रकरण को खात्मा की श्रेणी में रखा गया है, यानी एफआईआर दर्ज होने के बाद जांच चली, लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई फिर केस क्लोज हो गया।

ऑनलाइन ठगी के अधिकांश मामलों में फर्जी वेबसाइट, पोर्टल से लेकर फर्जी सिम नंबर, एड्रेस, चोरी के मोबाइल का उपयोग आरोपी करते हैं। लोग जब ठगी के शिकार होते हैं तब थाने पहुंचकर पुलिस के सामने सबूत पेश करते हैं कि इस तरह ठगी के शिकार हुए हैं, जब पुलिस जांच करती है तो सबूत ही फर्जी निकल जाते हैं। इस स्थिति में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाती। अधिकांश मामलों में आरोपी दूसरे राज्य के होते हैं। आरोपियों का सुराग आसानी से नहीं मिल पाता। मिल भी जाए तो वे लोकेशन बदल लेते हैं।

### अफसर, पुलिसकर्मी तक हो चुके शिकार

ऑनलाइन ठगी से बचने सावधानी ही एक मात्र सुरक्षा है, क्योंकि अफसर व पुलिस कर्मी भी इससे नहीं बच पाए। एक साल पहले महामाया थाने में पदस्थ हेड कांस्टेबल दिलीप उइके के बैंक खाते से अज्ञात आरोपी ने 8 किस्त में 89 हजार 986 रुपए निकाल लिए। इस मामले में एफआईआर हुई, लेकिन आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई। आम लोगों के अलावा व्यापारी, सरकारी विभाग के अफसर, कर्मचारी, किसान भी ऑनलाइन ठगी के शिकार हो चुके हैं हालांकि कितने रुपए की ठगी हुई है, यह पुलिस स्पष्ट नहीं कर पा रही है।

### मामले में आरोपी की तलाश करते रहते हैं

साइबर सेल जिला प्रभारी दिलेश्वर चंद्रवंशी ने बताया कि आरोपी की पता तलाश करते रहते हैं, मिल जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जाती है। लोग ऑनलाइन या अन्य तरीके से ठगी के शिकार न हों इसके लिए उच्च अफसरों के निर्देश पर जागरूकता अभियान चला रहे हैं। इसी का नतीजा है कि इस साल फरवरी तक एक भी केस नहीं आए थे।

# रायपुर में चाकू से वार कर लूट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** माना रोड में चाकू से वार कर मोबाइल छीनकर भागने वाले दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से लूट के सामानों के साथ चाकू जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी सुभाष बईन ने थाना माना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह 11 ब्लाक माना कैम्प में रहता है। प्रार्थी 29 मार्च 2022 को अपने एक्टिवा वाहन से घर जा रहा था। रात्रि करीब 9.50 बजे डूमरतराई पास मोटर साइकिल में सवार दो व्यक्ति आकर प्रार्थी के सामने रुके। इन्होंने प्रार्थी को एक मोबाइल नम्बर देकर डायल करने को कहा। प्रार्थी द्वारा अपने मोबाइल से उक्त नम्बर डायल करने पर नम्बर बंद बताया। जिस पर अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थी को मोबाइल मुझे दो मैं बात करुंगा, कहकर प्रार्थी से उसका मोबाइल फोन मांगा। मना करने पर अज्ञात व्यक्तियो ने अपने चाकू से प्रार्थी के पेट व जांघ में वार कर चोट पहुंचाया तथा उसका रेडमी कंपनी का मोबाइल फोन लूट कर फरार हो गये। जिस पर थाना माना में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 394 भादवि एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

एन्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट तथा थाना माना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ करते हुये अज्ञात आरोपियों की पतासाजी प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करते हुये प्रकरण में आरोपी रितिक केशरवानी तथा आदित्य कुर्रे को गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा उक्त घटना में संलिप्तता स्वीकार किया गया। आरोपियों के कब्जे से लूटे गए मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त एक नग दोपहिया वाहन तथा एक नग बटनदार धारदार चाकू जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की गई।

# पटवारी की शराब पार्टी: शनिवार को जिले में जाम छलकाते हुए पटवारी का वीडियो वायरल हुआ

**कवर्धा (ए)।** शनिवार को जिले में जाम छलकाते हुए पटवारी का वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में वह अपने साथियों के साथ बैठकर शराब पीता दिख रहा है। साथ ही ये कहते हुए नजर आ रहा है कि सब के लिए पेक बना रे...(मतलब सब के लिए शराब का पैग बनाओ)। ते मोर पहुना हस (तू मेरा महमान है)। मामला सहसपुर लोहरा तहसील क्षेत्र का है।



दरअसल, ये वीडियो में दिख रहा शख्स सहसपुर लोहारा तहसील के वीरेंद्र नगर गांव के हल्का नंबर 27 में पदस्थ पटवारी योगेन्द्र मिश्रा है। वीडियो में वो अपने साथियों के साथ शराब पीने के साथ ही सिगरेट पीता नजर आ रहा है। वीडियो वायरल होते ही प्रशासन ने पटवारी योगेन्द्र मिश्रा को सस्पेंड कर दिया है, लेकिन दूसरे मामले में।

इस मामले को लेकर सहसपुर लोहारा तहसीलदार उपेंद्र किंडो ने बताया कि,जो वायरल वीडियो में शराब पीते दिखाई दे रहा, वह ग्राम वीरेंद्र नगर में पदस्थ, हल्का नंबर 27 का पटवारी योगेन्द्र मिश्रा ही है। वह सहसपुर लोहारा के छोटू पारा स्थित अपने एक किराए के घर में शराब पीते दिखाई दे रहा। पटवारी को सस्पेंड कर तहसील कार्यालय में अटैच कर दिए है। इसे पुराने मामले में सस्पेंड किया गया है। क्योंकि पटवारी के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रहीं थी।

### पटवारी संघ का ब्लॉक अध्यक्ष है

पटवारी योगेन्द्र मिश्रा अपने पटवारी संघ में भी काफी सक्रिय है। हाल में हुए पटवारी संघ के चुनाव में उसे ब्लॉक अध्यक्ष भी नियुक्त किया गया है। पूर्व में भी काफी विवादित रहा है। एक हफ्ते पहले ही उसी के गांव के एक किसान ओमप्रकाश निर्मलकर ने पटवारी के खिलाफ 2.50 लाख रुपए रिश्वत लेने का आरोप लगाया था। शिकायत के बाद कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने जांच के निर्देश दिए थे। हालांकि जांच में पटवारी को क्लीन चिट दे दी गई थी।

### काम के लिए खुद का ऑपरेटर रखा है पटवारी

पटवारी ने दस्तावेज को सत्यापित करने के लिए अपने लिए अलग से ऑपरेटर रखा हुआ है। वायरल वीडियो में वह अपने एक ऑपरेटर, जो कि बीएससी की पढ़ाई कर रहा है, उससे बातचीत भी करते दिखाई दे रहा है। पटवारी के साथ अन्य कौन-कौन लोग है यह पता नहीं चला है।

# चरित्र पर शक: शादीशुदा प्रेमिका को भगाकर शादी की 4 माह बाद हत्या कर दी, लाश को जंगल में दफनाया

**अंबिकापुर ( ए )।** सूरजपुर जिले के बिहारपुर की रहने वाली एक गर्भवती युवती की उसके प्रेमी ने चरित्र शंका पर हत्या कर दी थी। इसके बाद अपने पिता के साथ मिलकर लाश को पहाडी के नीचे जाकर दफना दिया था। इसका खुलासा घटना के 16 माह बाद अब जाकर हुआ है, जबकि मृतका की मां ने घटना के दूसरे दिन से ही आरोपी पर हत्या का आरोप लगाया था, लेकिन पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही थी और उसे पहले के थाना प्रभारी जांच की मांग करने पर कहते थे कि तुमने ही बेटी को गायब किया है।



पुलिस ने अब दफनाए हुए शव का कंकाल को बरामद किया और पिता को भी दफनाने में साथ देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि ओड़गी क्षेत्र के बिहारपुर निवासी सोनी साहू 21 वर्ष व वहीं के तीरथ यादव के बीच प्रेम प्रसंग था। इस बीच 2020 में युवती की शादी यूपी के कानपुर में हुई थी। इसके बाद तीरथ उसे जबरदस्ती अपने साथ लेकर आ गया और दोनों ने जाकर 4 अगस्त 2020 को कोर्ट में शादी कर ली। इसके बाद दोनों साथ में रहने लगे, लेकिन सोनी अक्सर तीरथ को बिना बताए घर से अपने रिश्तेदारों के घर चली जाती थी। इस पर तीरथ अवैध रिश्ते का शक करने लगा। इससे दोनों के बीच विवाद होने लगा और दो जनवरी 2021 को सोनी गांव के ही युवक खिलाड़ी खैरवार के पास झाडफूंक कराने चली गई थी, तब भी तीरथ को उसने जानकारी नहीं दी थी। जब दूसरे दिन झाड़फूंक करने वाला युवक उसे उसके घर पहुंचाने आया तो इसे देखकर तीरथ भड़क गया।

अवैध संबंध की आशंका पर उसके साथ घर में बेदम मारपीट की। इससे उसकी सुबह उसी दिन मौत हो गई। दिन भर लाश को घर में छिपाकर रखा था। हत्या के बाद उसने इसकी जानकारी अपने पिता राममोहन यादव को दी। दोनों रात में लाश को लेकर घर से कुछ दूर स्थित पहाड़ के पास पहुंचे। दोनों ने लाश को छिपाने के लिए गड्ढा खोदा और दफना दिया। ऐसा करने के बाद वह सुबह थाना पहुंचा, जहां उसने सोनी साहू के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस अब तक गुमसुदगी का मामला मानकर जांच कर रही थी।

### प्रेम प्रसंग के कारण पत्नी उसे छोड़कर मायके में रह रही थी

पुलिस ने बताया कि आरोपी शादीशुदा है। उसके तीन बच्चे हैं और उसकी पत्नी भी साथ में रहती थीं, लेकिन जब उसे अपने पति के प्रेम प्रसंग का पता चला तो वह घर छोड़कर मायके में जाकर रहने लगी थी। वहीं मृतका की मां की शिकायत पर पुलिस उसे पहले भी पकड़कर लाती थीं, लेकिन उसके द्वारा हत्या कबूल नहीं करने पर छोड़ दिया जाता था। इस पर मृतका की मां पुलिस से आरोपी की मिलीभगत होने का आरोप लगा चुकी थी। जांच अधिकारी बृजेश यादव ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि सोनी साहू की हत्या कर दी गई है। इस पुख्ता जानकारी के बाद तीरथ से जब सघन पूछताछ हुई तो उसने पूरी कहानी बता दी और शनिवार की सुबह दफनाए हुए जगह पर खुदाई कर कंकाल बरामद किया है। इसकी डीएनए जांच भी होगी और मामला पुख्ता साक्ष्य के साथ कोर्ट में पेश किया जाएगा। पिता- पुत्र दोनों को गिरफ्तार किया गया है।

### मृतका की मां की आत्मदाह की चेतावनी की थी नजरअंदाज

मृतका की मां ने बताया कि उसे पहले ही लगने लगा था कि बेटी की हत्या हुई है, लेकिन पुलिस वाले गुमसुदगी का मामला दर्ज कर कहते थे कि तुमने ही बेटी को गायब किया है। इसके बाद मैंने एसपी व कलेक्टर को आवेदन दिया था। बता दें कि उसने बेटी का पता नहीं चलने पर कलेक्टर दफ्तर के बाहर आत्मदाह करने तक की चेतावनी दी थी, लेकिन उसके आरोपों को नजरअंदाज किया जा रहा था।

# जन्मदिन मनाने डेम गए थे दो किशोर की डूबने से हुई मौत



**बिलासपुर।** रतनपुर क्षेत्र के ग्राम चचई के डेम में डूबने से शहर के दो युवकों की मौत हो गई। इनमें से एक किसी तरह बचकर निकल गया। घटना शनिवार की दोपहर के बाद की है। दयालबंद नारियल कोठी निवासी अंकित पनिकर पिता पवन पनिकर (17) का शनिवार को जन्मदिन था। दोपहर को वह अपने साथी आकाश कश्यप पिता सुरेश कश्यप (17), राज कश्यप, प्रेम कुशवाहा व नवीन पनिकर के साथ पिकनिक मनाने रतनपुर क्षेत्र के चचई डेम गया था।

सभी ने मिलकर वहां पार्टी मनाई। इस बीच गर्मी लगी तो अंकित, आकाश व प्रेम डेम में नहाने कूद गए। यहां करीब 80 फीट गहरा पानी था। इससे अंकित व आकाश डूब गए। प्रेम किसी तरह किनारे पहुंचा। उसकी बाकी साथियों ने आसपास के लोगों को खबर दी तो दोनों युवकों की खोजबीन शुरू हुई। इस बीच सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई और नगर सेना के गोताखोरों को बुलवाया पर उनके आने से पहले ही दोनों युवकों का शव बरामद कर लिया गया। जानकारी मिलते ही पिकनिक मनाने गए किशोरों के परिजन वहां पहुंचे। प्रेम को रतनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

### पीएम के लिए नहीं दे रहे थे शव

अंकित को रतनपुर अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया था। पुलिस ने इसकी सूचना रतनपुर थाने में दी और दोनों शव को परिजनों को सौंप दिया।अंकित के परिजन जीवित मानकर शव को लेकर बिलासपुर अपोलो आ गए। पुलिस को पता चला तो पीछा करती आई। तब तक अपोलो से शव को अंकित के घर लेकर आ गए थे। पुलिस ने शव मांगा तो परिजनों ने मना कर दिया। वे पीएम कराना नहीं चाहते थे। हंगामा के बाद पुलिस शव को लेकर गई।

### बाइक से अस्पताल लेकर आए

प्रेम कुशवाहा किसी तरह डूबने से बच तो गया पर उसकी हालत खराब थी। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर लाया गया। यहां से बिलासपुर लाने परिजनों को एंबुलेंस नहीं मिला तो उसे बाइक से ही लेकर आए।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### दुर्ग जिला चिकित्सालय से गंभीर मरीज हेतु ब्लड जारी

**दुर्ग।** बालाजी हॉस्पिटल में गंभीर स्थिति में भर्ती मरीज ईशा जायसवाल को आज दुर्ग जिला चिकित्सालय की ओर से रेयर ग्रुप एबी निगेटिव ब्लड दिया गया, मरीज की स्थिति देखते हुए दुर्ग जिला चिकित्सालय सीएमएचओ डॉ जे पी मेश्राम व नोडल अधिकारी डॉ प्रवीण अग्रवाल ने मानवीय पहलु का ध्यान रखते हुए ईशा जायसवाल हेतु ब्लड देने का निर्देश दिया गया,ब्लड जारी करते समय डॉ नेहा बाफना टेक्निशियन रुपेश सरपे और आशा साहू उपस्थित थे, अभी तक केवल दुर्ग जिला चिकित्सालय से टाइअप हॉस्पिटल हेतु ही ब्लड दिया जाता था चूँकि दुर्ग जिला चिकित्सालय जिले का मुख्य ब्लड बैंक है अत: यंहा से हर जरूरतमंद को रक्त देने की मांग लम्बे समय से नवदृष्टि फाउंडेशन द्वारा की जा रही है नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य राज आढ़तिया ने जानकारी दी ईशा जायसवाल को अब तक लगभग 10 यूनिट ब्लड लग चूका है,आशीर्वाद ब्लड बैंक भिलाई की तरफसे 9 यूनिट जारी किया जा चुका था अंचल के रेयर ए बी नेगेटिव ग्रुप के रक्तदानियों ने अपना समय निकालकर ईशा जायसवाल के लिए रक्तदान किया ,चूँकि एबी निगेटिव काफी रेयर ग्रुप है अत: ब्लड की वयवस्था नहीं होने पर दुर्ग जिला चिकित्यालय द्वारा मानवीय आधार पर ब्लड जारी किया गया एवं राज आढ़तिया ने कहा भविष्य में भी हर जरुरतमंद को ब्लड जारी करने का आग्रह किया।

### दुल्की लौह अयस्क खान से उत्पादित

# लम्पस एवं फाईन्स के प्रथम रैक को अनिर्बान दासगुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

श्रीकंचनपथ न्यूज




**भिलाई।** दुल्की लौह अयस्क खान में स्थापित क्रसिंग एवं स्क्रीनिंग प्लांट से उत्पादित लम्पस एवं फाईन्स के प्रथम रैक को भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी, श्री अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस समारोह में संयंत्र के कार्यपालक निदेषक (माइन्स एवं रावघाट), मानस बिस्वास, कार्यपालक निदेषक (वर्क्स) अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेषक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ एस के इस्सर, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (वित्त एवं लेखा) डॉ ए के पंडा, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (माइन्स एवं रावघाट) तपन सूत्रधार, मुख्य महाप्रबंधक (रावघाट) समीर स्वरूप, मुख्य महाप्रबंधक (एचआरडीसी एवं बीई) संजय धर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

समारोह को संबोधित करते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी, श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने दुल्की खान में दिनांक 14 जून, 2019 की अपनी पहली यात्रा का स्मरण करते हुए कहा कि दो वर्ष में ही उस सघन वन क्षेत्र से उच्च गुणवत्ता युक्त लौह अयस्क का उत्पादन कर दुल्की माइन्स के कर्मचारियों ने एक मिसाल कायम की है। श्री दासगुप्ता ने इसी लगन एवं मेहनत से काम करने के लिए सभी को प्रेरित किया। कार्यपालक निदेषक (माइन्स एवं रावघाट), मानस बिस्वास ने अपने प्रेरक उद्बोधन में दुल्की माइन्स के सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों के द्वारा किए गए प्रयास की प्रषंसा करते हुए उत्पादन एवं क्वालिटी में सुधार लाने हेतु प्रोत्साहित किया।

कार्यपालक निदेषक (वर्क्स) श्री अंजनी कुमार ने दुल्की माइन्स से आने वाले उच्च गुणवत्तायुक्त लौह अयस्क की भिलाई इस्पात संयंत्र को आवष्यकता पर प्रकाष डालते हुए उत्पादन बढ़ाने एवं गुणवत्तायुक्त लौह अयस्क के प्रेषण से संयंत्र को होने वाले लाभों पर चर्चा की।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (माइन्स एवं रावघाट) तपन सूत्रधार द्वारा खान प्रबंधन के प्रयासों एवं दुल्की खान में हुई प्रगति एवं विस्तार का विवरण प्रस्तुत किया।

इस कार्यक्रम में आर सी बेहरा, पी के सिरपुरकर, अरूण कुमार, एस आर बास्के, अजय चतुर्वेदी, राकेष सिंह, डी के बलाम, वागेस तिवारी, राकेष ठाकुर, अमित सिन्हा उपस्थित थे।

### गैर संकार्य विभाग के कार्मिक 'कर्म षिरोमणि पुरस्कार' से सम्मानित

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा ऐसे कार्मिक जो कार्यस्थल में नवीनता, संसाधनों का बेहतर उपयोग, संगठनात्मक उद्देष्यों को पूरा करने के लिए उच्चतम स्तर के सुरक्षा मानकों को बनाये रखते हुए तकनीकी/प्रक्रियात्मक अनुषासन का पालन करने में असाधारण प्रतिभा का प्रदर्षन करते है, उन्हें प्रेरित करने और पहचान देने के लिए प्रतिमाह ''कर्म षिरोमणि पुरस्कार'' प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार योजना में पुरस्कृत कार्मिकों को सम्मान के रूप में प्रबंधन द्वारा उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र, स्मृति चिन्ह, कार्मिक की पत्नी के लिए प्रषंसा पत्र, मिठाई पैकेट प्रदान की जाती है साथ ही पुरस्कार विजेता की तस्वीर संबंधित विभाग के नोटिस बोर्ड में प्रदर्षित किया जाता है।

## उच्च शिक्षा में इन्क्यूबेशन एवं स्टार्टअप पर सेंट थॉमस महाविद्यालय में वेबिनार का आयोजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेंट थॉमस महाविद्यालय भिलाई के वाणिज्य स्नातकोत्तर विभाग द्वारा विभागीय एसोसिएशन कॉमजेनिथ के अंतर्गत, महाविद्यालय की उद्यमिता इकाई, आईआईसीए तथा एमओयू पार्टनर रूंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एवं श्रीमती राधादेवी गोयनका महिला महाविद्यालय अकोला के संयुक्त तत्वावधान में उच्च शिक्षा में इन्क्यूबेशन एवं स्टार्ट अप पर वेबिनार का आयोजन दिनांक 27 मई 2022 को किया गया7 इस अवसर पर मुख्य वक्ता रूंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन आईआईसी डॉ मनोज वर्गीस एवं वरुण इंडस्ट्रीज अकोला के मालिक वरुण अग्रवाल थे।

डॉ मनोज वर्गीस ने एक सफलतम स्टार्ट अप के निर्माण पर ज़ोर दिया उन्होंने महत्वपूर्ण एवं विशेष बिंदुओं की चर्चा की एवं एक व्यक्ति जिसके पास अच्छी योजना है एवं वह उसे सही रूप से क्रियान्वित नहीं कर पा रहा है तो उसकी सहायता करने की बात कही वरुण अग्रवाल ने इन्क्यूबेटर की आवश्यकता एवं इसके द्वारा मध्यम एवं वृहद उद्योग को आरंभ करने की प्रक्रिया को समझाया एवं इस दौरान उन्होंने सभी प्रतिभागियों के साथ अपने अनुभव को साझा किया। वेबिनार में सेंट थॉमस महाविद्यालय भिलाई के प्राचार्य डॉ एम जी रोईमोन ने कहा कि उद्यमिता एवं स्टार्ट अप आज के समय की मांग है एवं आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है।

## इंग्लिश क्लास का निरीक्षण करने पहुंचे जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। बंगाली समाज के सदस्य एवं रिसाली नगर निगम के एमआईसी सदस्य अनूप डे द्वारा रिसाली नगर निगम द्वारा शुरू एवं आयोजित निशुल्क इंग्लिश क्लास का निरीक्षण करने पहुंचे जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल उन्होंने इस कार्य की सराहना की।



कहा कि निशुल्क बच्चों को इंग्लिश कोचिंग दिया जाए तो बच्चे जल्द से जल्द इंग्लिश में अपनी पकड़ बना सकते हैं अनूप जी द्वारा लगातार इस तरह के कार्य समाज सेवा के रूप में किया जाता रहता है।

### पीएम आवास की अंतिम नोटिस से दहशत में झुग्गीवासी

## शासन की स्पष्ट नीति सबको मूलभूत सुविधा व पट्टा वितरण : वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। निगम सीमा क्षेत्रांतर्गत सरस्वती नगर, पोटियाकला, गोकुलनगर, बोरसी में 1226 पीएम आवास निर्माणाधीन के 6 वर्ष से ज्यादा रहने वाले जोगी नगर, जेल तिराहा, संत रविदास नगर, चांदमारीपारा, इंदिरा कालोनी, उरला बस्ती, डोगीया तालाब, सरस्वतीनगर के रहवासियों को दिया जाना प्रस्तावित है।



किन्तु निगम द्वारा पीएम आवास को अंतिम नोटिस को निगम व ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा बस्तियों में पहुंचकर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। अंतिम सूचना पत्र में 30 दिन के अंदर मकान के लिए दावा नहीं किए जाने पर कार्यवाही के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होगें।

इस नोटिस की दहशत से आक्रोशित जोगी नगर, जेल तिराहा, संतरविदास नगर, इंदिरा कालोनी के सैकड़ो रहवासी विधायक निवास पहुंचकर निगम के खिलाफशिकायत एवं नोटिस वितरण किए जाने वाले कर्मचारियों को लेकर पीड़ा व्यक्त की। विधायक अरुण वोरा ने तत्काल नगर निगम आयुक्त से चर्चा कर स्लम बस्तियों में इस प्रकार के नोटिस से दहशत फैलाने वाले कर्मचारियों में रोक लगाने की बात कहीं। शासन की स्पष्ट नीति सबको मूलभूत सुविधा व पट्टा वितरण को प्राथमिकता से करने कहा। रोज कमाने खाने वाले को अनावश्यक परेशान ना किया जाए। साथ ही पूर्व में बाम्बे आवास उरला एवं ग्लैक्सी हाइट्स बोरसी में गए लोगों को पेयजल, सिवरेज व पानी निकासी की समस्या से निदान आवश्यक है। साथ ही नए निर्माणाधीन आवासों को सर्वसुविधायुक्त मांग पर ही उपलब्ध कराए जाए। भविष्य में बस्तियों में तोडने् के नाम से आमजन भ्रमित कर परेशान ना किया जाए।

### सुपेला मार्ग पर हटाई गई नाली से अतिक्रमण

## नाली सफाई में अतिक्रमण बन रहा था बाधक, कई दफा दी जा चुकी थी समझाइश, नहीं मानने पर हुई कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज




**भिलाई।** नेहरू नगर जोन क्र. 01 की टीम ने सुपेला गदा चौक से घड़ी चौक मार्ग पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। दुकानदारों द्वारा नाली पर कांक्रीट से बनाई गई रैम्प, चबूतरे आदि को राजस्व एवं स्वच्छता कर्मचारियों की टीम ने मार्केट के एक ओर तोड़कर नाली का कब्जा खाली कराया। इससे बारिश का पानी बिना कोई अवरोध के गंतव्य की ओर प्रवाहित हो सके। निगम प्रशासन की चेतावनी के बाद भी नाली पर किए गए अतिक्रमण को नहीं हटाया गया था, व्यवसायियों द्वारा नाली में मलबा डालकर स्लेब व सीढ़ी आदि बनाकर दुकान का सामान सड़क तक फैलाकर व्यवसाय कर रहे थे, इसके कारण सफाई कर्मचारियों को नाली साफ करने में कॉफी परेशानी का सामना करना पड़ता था तथा नाली जाम होने से बारिश का पानी सड़कों पर बहना प्रारंभ हो गया था।

इन सब परिस्थितियों को देखते हुए नाली पर अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने नाली से अतिक्रमण हटाकर सफाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हुए हैं, ताकि नालियों के माध्यम से पानी की निकासी सुगम हो। गौरतलब है कि यहां बड़ी संख्या में शहर के नागरिक सामान खरीदने आते हैं। सुपेला गदा चौक से घड़ी चौक की ओर नाली के उपर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण करते हुए चबूतरा, सीढ़ी तथा नाली के उपर कांक्रीट डालकर व्यवसाय किया जा रहा था। काफी समझाइश देने के बावजूद भी नालियों से अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसके कारण हर बार सफाई में दिक्कतें होने लगी थीं। बरसात के दिनों में पानी भी नाली जाम होने के कारण रास्तों पर बहने लगती है। कई स्थानों पर से निकासी बंद हो गया था, इससे सड़क पर गंदगी फैलने लगी थी। इसके कारणे मार्केट में दुर्गंध फैलने की संभावना भी बढ़ गई थी। साथ ही यहां से गुजरने वाले नागरिकों को परेशानी होती थी।

समस्या को गंभीरता से लेते हुए आज अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। व्यवसाय करने के लिए मार्केट में नाली के दोनो ओर दुकानदारों द्वारा नाली पर स्लेब, फर्श तथा कांक्रीट डालकर अतिक्रमण लिया गया था। अतिक्रमण कर बनाए गए चबूतरे पर व्यवसाय करने के लिए इनके द्वारा सामग्री भी यही रखी जाती थी। सड़क संकरी होने के कारण आवागमन में भी दिक्कतें होती थीं।

# रिसाली निगम क्षेत्र में एक और आत्मानंद स्कूल की उठी मांग

श्रीकंचनपथ न्यूज

रिसाली। नवगठित रिसाली नगर पालिक निगम क्षेत्र में एक और आत्मानंद स्कूल खोलने की मांग जल्द ही शासन से की जाएगी। उक्त निर्णय शनिवार को शिक्षा, खेलकूद व युवा कल्याण विभाग के सलाहकार समिति की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता महापौर परिषद के सद्स्य व विभाग प्रमुख सनीर साहू ने की।



बैठक में सलाहकार समिति के पार्षद सद्स्यों का कहना था कि आत्मानंद स्कूल का लाभ केवल शहरी क्षेत्र के नागरिकों को मिल रहा है। अंतिम छोर व दुरस्थ वार्ड के लिए एक अतिरिक्त आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल होना आवश्यक है।

इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र शासन को भेजा जाए। साथ ही निर्णय लिया गया कि रिसाली नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र में संचालित प्राइवेट व सरकारी स्कूल के आस पास संचालित ऐसे दुकान को चिन्हित किया जाए जो पान-मसाला या तम्बाकू युक्त पदार्थ बेचते है।

चिन्हित दुकानों के खिलाफ निगम अब दंडात्मक कार्यवाही करेगा। बैठक में निगम सभापति केशव बंछोर के अलावा सलाहकार समिति के पार्षद सद्स्य टीकम साहू, डोमन लाल बारले, डॉ. सीमा साहू, सरिता देवांगन, रोहित कुमार, धर्मेन्द्र भगत व खिलेन्द्र चंद्राकर मौजूद थे।

### निगम करेगा पुरस्कृत

एमआईसी सद्स्य सनीर साहू की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी शैक्षणिक सत्र में निगम द्वारा पुरस्कार वितरण समारोह किया जाएगा। जिसमें सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले होनहार विद्यार्थी का सम्मान किया जाएगा। साथ ही ऐसे शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा जो बच्चों को हटकर शिक्षा प्रदान कर रहे है।

### इन विषयों पर भी हुई चर्चा

- शासकीय स्कूलों का सौंदर्यीकरण करने।
- मध्यान्ह भोजन की मॉनिटरिंग।
- शासकीय स्कूलों का मरम्मत करने सर्वे।
- स्कूलों के दीवार पर स्लोगन लेखन।
- प्रत्येक स्कूल का आहता निर्माण।
- स्कूलों में वाटर कूलर लगाने की योजना तैयार करना।
- स्कूलों में आवश्यकता अनुरूप खेल मैदान तैयार करना।
- सभी स्कूलों में पौध रोपण करना।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950